P372


आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, गुरुवार 20 अगस्त 2026
वर्ष : 5 अंक : 253
पृष्ठ : 6 मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

विश्व फोटोग्राफी दिवस पर वन्यजीव छायाचित्र प्रदर्शनी



पेज-2

डायन के किरदार में आएंगी नजर यामी गौतम



पेज-5

## न्यूज ब्रीफ

- दिल्ली की मंडोली जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर ने अरविंद केजरीवाल को लिखी चिट्ठी
- अयोध्या के परिषदीय विद्यालयों में बाहरी लोगों और सोशल मीडिया से जुड़े लोगों के प्रवेश पर रोक
- पुणे पुलिस ने राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को अनुमति दी
- लखनऊ में DRI का बड़ा एक्शन, हाथीदांत की 54 कलाकृतियों के साथ 4 तस्कर गिरफ्तार
- ह की डेप्युटी सेक्रेटरी-जनरल अमीना मोहम्मद भारत दौरे पर आएंगी
- कोलंबिया में भूकंप से भारी तबाही, मरने वालों की संख्या 314 पहुंची

खजराना गणेश मंदिर में गर्भ गृह का नया स्वरूप



# जमीनी जादूगरों ने जमाया लिंक रोड का खेल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • कल इंदौर नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की जो बैठक हुई, उसमें कनाड़िया से खजराना लिंक रोड को मंजूरी दी गई है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार यह जानकारी प्राप्त हुई है कि विधायकनिधि से 10 करोड़ रुपए की राशि इस सड़क निर्माण के लिए दी जाएगी और शेष राशि निगम खर्च करेगा। इस मामले में एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि एक चर्चित जमीनी जादूगर, जिसने कुछ समय पहले प्रशासन द्वारा खाली कराई गई कनाडिया रोड की एक हजार करोड़ रुपए से अधिक की जमीन का सौदा ज्वाइंट वेंचर में किया है और कोर्ट-कचहरी में भी शासन-प्रशासन से जीकर अब




उस पर रियल इस्टेट से जुड़ा विशाल प्रोजेक्ट लाया जा रहा है। यही कारण है कि कुछ वर्ष पूर्व इस लिंक रोड का निर्माण बनते-बनते अचानक बंद हो गया था और उस वक्त इसी बात को लेकर आपत्ति ली थी कि जमीन का मामला कोर्ट में चल रहा है। अब सभी जगह से अनुमति मिलने के बाद जमीनी जादूगर सक्रिय हुआ और नगर निगम से सांठगांठ कर इस लिंक रोड का निर्माण फिर से शुरू करवाने का प्रस्ताव भी मंजूर करवा लिया। इस लिंक रोड से जो प्रोजेक्ट यहां पर आ रहा है उसे सीधा फायदा मिलेगा और अभी कहा यह जा रहा है कि खजराना गणेश मंदिर से इस लिंक रोड की नई एप्रोच मिलेगी। मगर पर्चे के पीधे जमीनी जादूगर का ही पूरा खेल है, जिसने कनाडिया रोड पर ही प्राधिकरण की योजना 77 में शामिल जमीन का भी सौदा कर लिया है। निगम के गलियारों में उड़ती-उड़ती यह भी खबरें है कि उक्त प्रस्ताव को ऐन वक्त पर बैठक के एजेडें में शामिल किया गया।

# बेटे का वाहन पंचायत में अटैच लोकायुक्त ने दर्ज किया केस

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर जिले की बांक पंचायत के तत्कालीन सरपंच और तत्कालीन सचिव के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस ने पद का दुरुपयोग करते हुए भ्रष्टाचार करने के मामले में केस दर्ज किया है। तत्कालीन सचिव प्रहलाद नील ने अपने बेटे के वाहन (एमपी 10 जी 1435) को नियम विरुद्ध तरीके से ग्राम पंचायत बांक में अटैच किया है।

इसके लिए किसी तरह के टेंडर नहीं निकाले गए। मामला तीन साल पुराना है, तब के सरपंच और सचिव ने अपने हस्ताक्षर से भुगतान का ठहराव प्रस्ताव तैयार कर बेटे के वाहन को सफाई आदि कार्य के लिए अटैच किया। हर महीने सरकारी कोष से किराए का भुगतान किया जा रहा था। इसकी शिकायत लोकायुक्त पुलिस तक पहुंची। अफसरों ने जांच में पाया कि वाहन को बिना टेंडर प्रक्रिया के तथा ग्राम सभा की अनुमति प्राप्त किए बगैर किराए से लगाया गया और नियमों के विपरीत जाकर भुगतान भी किया गया है।

वाहन को मध्य प्रदेश पंचायती राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 के अनुसार पंचायत निधियों के उपयोग में पारदर्शिता न रखते हुए तत्कालीन सचिव-सरपंच ने धीरज नील को अनुचित आर्थिक लाभ पहुंचाया है। इस मामले में पुलिस ने भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम, 2018 एवं भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 61(2) के तहत प्रहलाद नील (तत्कालीन सचिव ग्राम पंचायत बांक, इंदौर), लक्ष्मीबाई पति राधेश्याम चौहान (तत्कालीन सरपंच ग्राम पंचायत बांक, इंदौर) और तत्कालीन सचिव के बेटे धीरज नील पिता प्रहलाद नील के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# जेन जी पर बाबा रामदेव और कंगना रनौत भिड़े

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • कंगना ने बाबा रामदेव की उस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कंगना के 'जेनरेशन गटर' वाले बयान को लेकर कहा था कि ये बिगड़े दिमाग की निशानी है। कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए बाबा रामदेव पर पलटवार करते हुए लिखा, 'बाबा जी, मेरी जवानी या बेडरूम के बारे में डे-ड्रीम मत कीजिए। कोई सिर्फ अफवाहों और गॉसिप के आधार पर ही ऐसा सोच सकता है। कम से कम मुझे कभी सुप्रीम कोर्ट से झूठे या फर्जी मेडिकल दावों को लेकर फटकार नहीं लगी। इसलिए मुझे चरित्र का पाठ मत पढ़ाइए। आपका चरित्र जैसा भी है, मेरा उससे कहीं बेहतर है। यहां कोई फ्रॉड नहीं मिला है।' दरअसल, हाल ही में बाबा रामदेव ने जेन जी को लेकर कंगना रनोट के 'जेनरेशन गटर' वाले बयान की आलोचना की थी।

टीवी 9 भारतवर्ष के साथ बातचीत में बाबा रामदेव ने जेन जी को लेकर कंगना की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था, 'उनका क्वालिफिकेशन क्या है? उनका बचपन कैसा रहा है? उनकी जवानी कैसी रही है? उनके पहले के कारनामे कैसे रहे हैं? मैं ऐसे लोगों के बारे में बात नहीं करना चाहता। ऐसे किसी भी देश के जवान को, जेन जी को गटर-पटर बोलना, ये बिगड़े हुए दिमाग की निशानी है। गलत बात है। इसके ऊपर जो है, उनके पार्टी के लोगों को संज्ञान लेना चाहिए।'

# वाइस रिकार्डर से टीचर की अभद्रता आई सामने

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर में 3 साल की बच्ची से स्कूल टीचर द्वारा अभद्रता करने और उसे शारीरिक नुकसान पहुंचाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। मामला विजय नगर स्थित स्कूल का है। बच्ची यहां नर्सरी में पढ़ती है।

बच्ची के पिता की शिकायत पर पुलिस ने शिक्षिका के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिता ने शिकायत में बताया कि वे 8 अगस्त को बेटी को लेने स्कूल गए थे। वह उदास दिख रही थी। बातचीत में उसने बताया कि मैम उसे गंदा कहती हैं। बच्ची ने रोते हुए बताया कि उसे स्कूल में बहुत बुरा लगता है। मैडम ने उसे चिमटी काटी। इसके अगले दिन पिता ने बेटी के लिए वॉइस रिकॉर्डर खरीदा और उसे बच्ची के बैग में रखकर स्कूल भेज दिया।

**पिटाई से बचने गिड़गिड़ा रही थी बच्ची**-रात में पिता ने रिकॉर्डिंग सुनी। इसमें उनकी बेटी को टीचर अपशब्द कहते हुए और मारने-पीटने की बात कह रही थी। बच्ची पिटाई से बचने के लिए गिड़गिड़ा भी रही थी। टीचर ने उसके माता-पिता को भी अपशब्द कहे। पूरे घटनाक्रम की वॉइस रिकॉर्डिंग हो गई।

**बच्ची स्कूल जाने से भी डरने लगी**-रिकॉर्डिंग सुनने के बाद पिता अपनी बेटी को लेकर स्कूल पहुंचे। उस समय बच्ची ने स्कूल के अंदर जाने से इनकार कर दिया और काफी रोने लगी। इसके बाद रत्नेश ने स्कूल की प्रिंसिपल से बात की और सीसीटीवी फुटेज की मांग की।

# शक्कर महंगी हुई तो चाय की मिठास ही नहीं, जनता का भरोसा भी घटेगा

**अक्षय जैन**

महंगाई की मार हमेशा किसी बड़ी वस्तु से महसूस नहीं होती। कई बार रसोई की छोटी-सी चीज ही घर के पूरे बजट का गणित बिगाड़ देती है। शक्कर भी ऐसी ही जरूरत है। सुबह की चाय से लेकर बच्चों के दूध, घर की मिठाई और त्योहारों की तैयारी तक शक्कर हर परिवार की रोजमर्रा की जरूरत है। ऐसे में इसके दाम बढ़ना सिर्फ बाजार की खबर नहीं, बल्कि आम आदमी की रसोई का सवाल बन जाता है। पहले से ही महंगाई के दबाव में परिवार अपनी आय और खर्च के बीच तालमेल बैठाने में जुटे हैं। दूध, सब्जी, दाल, तेल और अन्य जरूरी सामान के बाद यदि शक्कर भी महंगी होती है तो बचत का दायरा और छोटा हो जाता है। मध्यमवर्गीय परिवार के लिए बढ़ती कीमत का हर रुपया किसी दूसरी जरूरत में कटौती करवाता है।



मामला सिर्फ शक्कर का नहीं, महंगाई की मनोवृत्ति का है। जब रोजमर्रा की चीजों के दाम बढ़ते हैं तो जनता बाजार के आंकड़े नहीं देखती, वह अपनी जेब देखती है। सरकार के लिए महंगाई का मूल्यांकन आंकड़ों से हो सकता है, लेकिन आम परिवार के लिए उसका पैमाना रसोई का खर्च है। त्योहारों के समय इसका असर और व्यापक दिखाई देता है। मिठाई बनाने वाले हलवाई से लेकर छोटे दुकानदार तक लागत बढ़ने का दबाव महसूस करते हैं। अंतत: यह बढ़ी हुई लागत ग्राहक तक पहुंचती है। यानी शक्कर की कीमत बढ़ने का असर एक पूरी आर्थिक श्रृंखला में दिखाई देता है।

सरकार को इस स्थिति को केवल मांग और आपूर्ति का सामान्य उतार-चढ़ाव मानकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। उत्पादन, भंडारण, थोक कारोबार और खुदरा बाजार हर स्तर पर निगरानी जरूरी है। जहां जमाखोरी या अनावश्यक मुनाफाखोरी हो, वहां कार्रवाई भी दिखाई देनी चाहिए।

जनता को राहत भाषणों से नहीं, बाजार में दिखाई देने वाली कीमतों से मिलती है। सरकार के सामने चुनौती यही है कि वह महंगाई को नियंत्रित करने के लिए समय रहते प्रभावी कदम उठाए। क्योंकि रसोई में बढ़ती कीमतें धीरे-धीरे घर की बातचीत का विषय बनती हैं और फिर यही बातचीत बाजार से निकलकर समाज और राजनीति तक पहुंचती है।

कहावत है मिठास से रिश्ते बनते हैं और कड़वाहट से रिश्ते बिगड़ते हैं। सरकार और जनता के रिश्ते में भी यही बात लागू होती है। यदि जरूरी वस्तुओं की कीमतें लगातार आम आदमी की पहुंच से दूर होती गईं, तो जनता के मन में पैदा होने वाली कड़वाहट सरकार के लिए राजनीतिक रूप से भी भारी पड़ सकती है।

इसलिए समय रहते शक्कर की कीमतों पर लगाम जरूरी है। आखिर सवाल सिर्फ एक किलो शक्कर का नहीं है। सवाल उस परिवार का है, जो महीने का बजट बनाकर बाजार जाता है और हर बार लौटते समय अपनी सूची में कुछ जरूरतें काटने को मजबूर हो जाता है। जनता के मुंह से मिठास दूर होगी तो सवालों में कड़वाहट आना स्वाभाविक है। सरकार के लिए चेतावनी साफ है रसोई में मिठास बचाइए, क्योंकि जनता का भरोसा भी उसी से जुड़ा है।

दैनिक इंदौर संकेत

# कांग्रेस वंदे मातरम के दो ही अंतरे गाएगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • कांग्रेस ने वंदे मातरम को लेकर अपना रुख साफ कर दिया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी 1937 में हुई कांग्रेस बैठक में लिए गए फैसले का पालन करेगी। इसके तहत पार्टी के कार्यक्रमों में वंदे मातरम के केवल दो अंतरे गाए जाएंगे। नई दिल्ली के इंदिरा भवन में बुधवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक हुई। इसमें ही वंदे मातरम पर कांग्रेस ने यह फैसला लिया। केसी वेणुगोपाल ने कहा कि वंदे मातरम और राष्ट्रगान कांग्रेस के लिए भावनात्मक मुद्दे हैं, जबकि भाजपा के लिए ये राजनीतिक मुद्दे हैं।




गौरतलब है कि 15 अगस्त को कांग्रेस मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान वंदे मातरम पर कांग्रेसी नेताओं के व्यवहार को लेकर विवाद हो रहा है। भाजपा का आरोप है कि गीत के दौरान सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष ने गीत रुकवाने की कोशिश की थी।

वंदे मातरम गाया जा रहा था, तभी सोनिया पीछे मुड़कर इशारा करती दिखीं। राहुल ने भी इशारे में कुछ पूछा। एक स्टाफ सदस्य पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पास पहुंचा। खड़गे ने उसके कान में कुछ कहा, फिर सोनिया ने भी उससे बात की।

विदित है कि 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा ने 'वंदे मातरम' को राष्ट्रीय गीत घोषित किया था। लंबे समय तक इसके अपमान पर कोई अलग कानून नहीं था, लेकिन 2026 के मानसून सत्र में केंद्र सरकार ने 'राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम' बनाया। इस कानून के तहत 'वंदे मातरम' के गायन को जानबूझकर रोकने, इसमें बाधा डालने या इसका सार्वजनिक अपमान करने को दंडनीय अपराध माना गया है। ऐसा करने पर 3 साल तक की जेल, जुर्माना या दोनों की सजा का प्रावधान है।

*भाजपा अध्यक्ष ने 15 अगस्त को कांग्रेस कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम के दौरान वंदे मातरम का पूरा संस्करण गाए जाने को लेकर हुए विवाद का भी इशारों में जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब कुछ दिन पहले 'एक व्यक्ति के आचरण' में भी राष्ट्रगीत का यही अपमान दिखाई दिया था। तब कांग्रेस ने उसे 'संयोग' बताकर टाल दिया था। उन्होंने कहा, आज वही अपमान कांग्रेस की नीति बन चुका है।*



# मोबाइल रिचार्ज के दाम में फिर होगी बढ़ोतरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • मोबाइल फोन यूजर्स के लिए आने वाले महीनों में रिचार्ज का खर्च बढ़ सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि देश की प्रमुख टेलीकॉम कंपनियां Jio और Airtel अपने प्रीपेड और पोस्टपेड प्लान की कीमतों में फिर बढ़ोतरी कर सकती हैं। अनुमान है कि रिचार्ज दरों में करीब 12 से 15 प्रतिशत तक इजाफा हो सकता है। हालांकि, अभी तक Jio या Airtel की ओर से टैरिफ बढ़ाने को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। ऐसे में फिलहाल इस खबर को संभावित बढ़ोतरी या बाजार के अनुमान के रूप में ही देखा जा रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों टेलीकॉम कंपनियां अगले 3 से 4 महीनों के दौरान अपने मोबाइल रिचार्ज प्लान की कीमतों में बदलाव कर सकती हैं। अगर 12 से 15 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होती है, तो इसका असर



छोटे और बड़े, दोनों तरह के रिचार्ज प्लान पर पड़ सकता है। मिसाल के तौर पर, यदि किसी प्लान की मौजूदा कीमत 500 रुपये है, तो 12 प्रतिशत बढ़ोतरी के बाद इसकी कीमत 560 रुपये हो सकती है। वहीं 15 प्रतिशत की वृद्धि होने पर यही प्लान करीब 575 रुपये का पड़ सकता है। इसका सीधा असर उन ग्राहकों पर पड़ सकता है, जो हर महीने या हर कुछ महीनों में अपना मोबाइल रिचार्ज कराते हैं। टेलीकॉम कंपनियां लगातार अपने नेटवर्क को मजबूत करने और 5त्र सेवाओं के विस्तार पर निवेश कर रही हैं।

# इंदौर में शिकायतें दबती रहीं, अनूपपुर में मामला एफआईआर तक पहुंचा!

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर/अनूपपुर** • इंदौर में जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) रहे संजय मिश्र एक बार फिर अपनी कार्यशैली को लेकर चर्चा में हैं। वर्तमान में अनूपपुर में पदस्थ संजय मिश्र के खिलाफ एक शिक्षक से सीएम हेल्पलाइन की शिकायत को लेकर हुए विवाद के मामले में एफआईआर दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। वहीं, उनके कार्यालय में कार्यरत एक शिक्षक द्वारा दिया गया लिखित आवेदन में आत्मदाह की चेतावनी उनकी। कार्यशैली को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े कर रहे है।



सूत्रों के अनुसार यह जानकारी मिली है कि अनूपपुर जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय में पदस्थ एक शिक्षक ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि उसे कार्यालय से मुक्त नहीं किया जा रहा है और डीपीसी संजय मिश्र के कार्यप्रणाली से त्रस्त हो चुका हूं और मानसिक रूप से मुझे निरंतर प्रताड़ित किया जा रहा है । आवेदन में शिक्षक ने यहां तक लिखा है कि यदि उसे कार्यमुक्त नहीं किया गया तो वह अपने जीवन को समाप्त करने जैसा कदम उठा सकता है और इसकी जिम्मेदारी डीपीसी संजय मिश्र की होगी।

## इंदौर में भी शिक्षक रहे हैं परेशान

संजय मिश्र का इंदौर में डीपीसी के रूप में कार्यकाल भी शिक्षकों के बीच उनकी कथित सख्त और विवादित कार्यशैली को लेकर चर्चा में रहा था। हालांकि उस समय अधिकांश शिक्षक खुलकर सामने आने के बजाय विभागीय व्यवस्था और अधिकारी के दबाव के चलते चुप रहना ही बेहतर समझते रहे। शिक्षकों के बीच यह भी चर्चा रही कि अधिकारी के खिलाफ बोलने की स्थिति में उन्हें विभागीय स्तर पर परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इसी कारण कई शिक्षक असहमति के बावजूद अपनी बात खुलकर सामने नहीं रख पाए।

### अनूपपुर पहुंचते ही फिर विवादों में कार्यशैली

एक ओर शिक्षक के साथ विवाद के मामले में एफआईआर की बात सामने आ रही है, दूसरी ओर एक शिक्षक का लिखित आवेदन अपने आप में गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। **यदि किसी कर्मचारी को अपनी परेशानी बताते हुए इस स्तर तक जाने की चेतावनी देनी पड़े तो यह केवल कर्मचारी-अधिकारी का विवाद नहीं रह जाता, बल्कि अधिकारी की सख्ती और सरकारी कामकाज की मर्यादा में अंतर साफ नजर आता है।

# विश्व फोटोग्राफी दिवस पर वन्यजीव छायाचित्र प्रदर्शनी

## तस्वीरों की बिक्री से प्राप्त पूरी राशि जरूरतमंद बच्चों की सहायता के लिए समर्पित

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर इंदौर में फोटोग्राफी को सामाजिक सरोकार से जोड़ने वाली विशेष पहल की गई। कलास्तंभ द्वारा स्केपर्स सोसायटी फॉर सोशल वेलफेयर के सहयोग से बुधवार को इंदौर प्राणी संग्रहालय में दो दिवसीय वन्यजीव छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विभिन्न छायाचित्रकारों द्वारा खींचे गए वन्यजीव एवं प्रकृति आधारित छायाचित्र प्रदर्शित किए गए, जिन्हें दर्शक खरीद भी सके।

**प्रदर्शनी 20 अगस्त को भी दर्शकों के लिए खुली रहेगी** - आयोजन की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि प्रदर्शनी में छायाचित्रों की बिक्री से प्राप्त पूरी राशि जरूरतमंद बच्चों की सहायता के लिए समर्पित की जाएगी। यह राशि मिशन स्पंदन के माध्यम से बच्चों की सहायता में उपयोग की जाएगी। इस पहल के जरिए फोटोग्राफी को कला और अभिव्यक्ति से आगे बढ़ाकर सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ने का संदेश दिया गया।








प्रदर्शनी में अमरेश मिश्रा, अनिमेष सक्सेना, अर्पित श्रीमाल, अश्विनी पटेल, अवनीश पाटिल, डॉ. अभिक सिकदर, डॉ. जेनिशा, गौरव शर्मा, कृष्णराज लाहोटी, मनीष पाटीदार, मीनाक्षी वर्मा, नवीन योगराज, पार्थ लाहोटी, प्रांजल जैन, प्रोबीर रॉय, सुधांशु तिवारी और विपुल मिश्रा सहित छायाचित्रकारों ने अपने कार्य प्रदर्शित किए।

प्रदर्शित छायाचित्रों में वन्यजीवों के विभिन्न रूपों, उनके प्राकृतिक परिवेश और प्रकृति की विविधता को कैमरे के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से वन्यजीव संरक्षण और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का संदेश भी दिया गया।

कार्यक्रम में इंदौर प्राणी संग्रहालय के डायरेक्टर उत्तम यादव, कलास्तंभ के डायरेक्टर पुष्कर सोनी, स्केपर्स सोसायटी फॉर सोशल वेलफेयर की प्रेसिडेंट डॉ. जेनिशा जैन और कलास्तंभ की फाउंडर सपना कटफर सहित शहर के कई छायाचित्रकार, कलाकार और कला प्रेमी उपस्थित रहे।

आयोजकों के अनुसार, पहल का उद्देश्य कलाकारों की रचनात्मकता को सामाजिक उपयोग से जोड़ना है। प्रदर्शनी में रखा प्रत्येक छायाचित्र जहां वन्यजीव और प्रकृति की कहानी कहता है, वहीं उसकी बिक्री किसी जरूरतमंद बच्चे के लिए सहायता का माध्यम बनेगी।

'एक तस्वीर सिर्फ एक याद नहीं होती, कभी-कभी वह किसी के भविष्य की वजह भी बन सकती है।' इसी विचार के साथ आयोजित इस प्रदर्शनी ने विश्व फोटोग्राफी दिवस को कला, प्रकृति और मानवीय संवेदना से जोड़ने का प्रयास किया।

## न्यूज ब्रीफ

### संभाग स्तरीय लता मंगेशकर सुगम संगीत प्रतियोगिता 10 को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय लता मंगेशकर सुगम संगीत प्रतियोगिता शासकीय संगीत महाविद्यालय इन्दौर द्वारा 10 सितम्बर 2026 को प्रात: 9 बजे से प्रीतमलाल दुआ सभागृह इन्दौर में की जाएगी। प्रतियोगिता में जूनियर आयु वर्ग में 8 से 15 वर्ष एवं सीनियर वर्ग में 16 वर्ष से लेकर 25 वर्ष के आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल हो सकते हैं। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए छात्र/छात्राएं नि:शुल्क आवेदन फार्म शासकीय संगीत महाविद्यालय (शासकीय संस्कृत महाविद्यालय परिसर) रामबाग इन्दौर से दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 08 सितम्बर शाम 5 बजे तक जमा किये जा सकते है।

### टाटा प्ले ग्राहकों को 4 महीने मुफ्त मिलेगा स्पॉटिफाई प्रीमियम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • टाटा प्ले भारत के प्रमुख मनोरंजन वितरण मंच ने स्पॉटिफाई के साथ साझेदारी कर एक नया प्रस्ताव पेश किया है। इस प्रस्ताव के तहत टाटा प्ले के ग्राहक दुनिया की लोकप्रिय ऑडियो स्ट्रीमिंग सेवाओं में से एक स्पॉटिफाई का आनंद उठा सकेंगे। यह प्रस्ताव आज से टाटा प्ले बिंज के ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगा। इसके बाद इसे टाटा प्ले मोबाइल ऐप पर भी उपलब्ध कराया जाएगा। नए उपयोगकर्ता चार महीने तक स्पॉटिफाई प्रीमियम स्टैंडर्ड का नि:शुल्क लाभ उठा सकते हैं। इसके तहत उन्हें बिना विज्ञापन के संगीत सुनने, 320केबीपीएस तक उच्च गुणवत्ता वाला ऑडियो, तथा गानों, एल्बम और प्लेलिस्ट को ऑफलाइन सुनने के लिए डाउनलोड करने जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

### पोवा 8 प्रो 5 जी हुआ लांच

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • अपनी खास डिज़ाइन फिलॉसफी का विस्तार करते हुए, पोवा ने आज भारत में पोवा 8 प्रो 5 जी लॉन्च करने की घोषणा की। यह फ़ोन उन यूज़र्स को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है जो ऐसे डिवाइसेज़ से ऊब चुके हैं जो भीड़ में आसानी से घुल-मिल जाते हैं। यह स्मार्टफोन ' डिलीट नॉर्मल ' सोच को नए लेवल पर ले जाता है— इसे इस तरह इंजीनियर किया गया है कि यह जहां भी हो, लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करे।

### समूह-02 उपसमूह-04 संयुक्त भर्ती परीक्षा-2026 के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा आयोजित समूह-02 उपसमूह-04 संयुक्त भर्ती परीक्षा-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 21 अगस्त 2026 कर दी गई है। वहीं आवेदन पत्र में संशोधन करने की अंतिम तिथि 23 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है। रोजगार पंजीयन पोर्टल के सर्वर में तकनीकी समस्या आने के कारण अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए कर्मचारी चयन मंडल द्वारा ऑनलाइन आवेदन एवं आवेदन पत्र में संशोधन की अंतिम तिथियों में वृद्धि की गई है।

### अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की लिंक ओपन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • जिले के समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत् अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजनान्तर्गत एमपी टॉस पोर्टल पर नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन के लिए लिंक ओपन कर दी है। शैक्षणिक सत्र 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 हेतु पोर्टल पर 30 अगस्त आवेदन किये जा सकते है।

# बिजली की गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति, समय पर राजस्व संग्रहण करना कंपनी की प्राथमिकता

### बिजली कंपनी के एमडी सिंह ने चार जिलों की समीक्षा की



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक (एमडी) अनूप कुमार सिंह ने बुधवार को खरगोन जिले का दौरा किया। खरगोन में ली गई उच्च स्तरीय बैठक में खरगोन, खंडवा, बड़वानी, बुरहानपुर जिले के बिजली अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिजली कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकता गुणवत्ता पूर्ण बिजली प्रदाय करना हैं, अधिकारी कृषि क्षेत्र के लिए दस घंटे दैनिक एवं अन्य सभी श्रेणी वर्ग के उपभोक्ताओं के लिए शासन के आदेशानुसार चौबीस घंटे बिजली प्रदाय सुनिश्चत करे। कही कोई तकनीकी कठिनाई या किसी शासकीय कार्य, योजना, विकास परियोजना इत्यादि के लिए शट डाउन की स्थिति बने तो समय पर संबंधित क्षेत्र के उपभोक्ताओं को सूचना दी जाएगी। सिंह ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति के साथ ही समय पर निर्धारित देयकों की वसूली करना भी जरूरी हैं।

## राजपाल अध्यक्ष मनोनीत

**दैनिक इंदौर संकेत**



**इंदौर** • इंदौर नगर अनु. जाति एवं निगम कर्मचारी कामगार संघ के युवा कामगार संघ के अध्यक्ष सूरज गौहर ने बताया की वाल्मीकि समाज के आराध्य देव वीर गोगा देव चौहान का जन्मोत्सव आगामी 5 सितम्बर को मनाया जाना है। जहा पर समाज की विभिन्न 28 बस्तियो से करीब 70 निशान (छड़ी) एवं झांकिया निकाली जाएगी वहीं गोगा देव भक्तो द्वारा सावन माह में कठिन तप कर भक्ति भाव नंगे पैर रहते हुए सवा माह तक एक समय का भोजन करना ब्रह्मचर्य का पालन करना दाड़ी कटिन नहीं बनाना जमीन पर शयन करना आदि तप द्वारा आराध्य देव की आराधना की जाती है। शहर से निकलने वाले निशानों (छड़ी) एवं झाँकियो को संगठन प्रथम दितीय तृतीय पुरुस्कार वितरण किया जाता है। इस वर्ष भी पुरुस्कार वितरण समिति का मनोनीत का अध्यक्ष राजपाल मेलाने एवं संयोजक राकेश सोलंकी एवं कार्यवाहक अध्यक्ष नितेश टांक मनोनीत किये गए।



## सात सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांत व्यापी आव्हान पर आज इंदौर में कलेक्टर कार्यालय पर नारेबाजी प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम का ज्ञापन तहसीलदार राकेश अस्थाना को दिया गया। संघ के जिला अध्यक्ष राजेश गौड़ प्रांतीय महामंत्री हरीश बोयत ने बताया कि आज के प्रदर्शन में काफी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे। सात सूत्रीय मांगे निम्न है। अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों की प्रदेश मे कार्यरत एवं सेवानिवृत कर्मचारियों को 2%महंगाई भता /महंगाई राहत 1 जनवरी2026से प्रदान करने के आदेश शीघ्र जारी किए जाए। नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्त के 3वर्ष 70,80, एवं 90%का बंधन हटाया जाए। माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा भी 12दिसंबर 2019के इस आदेश को निरस्त कर दिया गया है। कैशलेश स्वास्थ्य बीमा योजना के आदेश शीघ्र जारी किए जाए। ई अटेंडेंस प्रणाली को समाप्त किया जाए। जिन कर्मचारियों के विकल्प गलती से गलत प्रस्तुत हो गए हैं उसके सुधार हेतु ऑनलाइन पोर्टल पर सुधार करने हेतु विंडो को खोला जाए।

## राज्यस्तरीय 'लक्ष्य मंथन योगासन प्रतियोगिता' का आयोजन

**दैनिक इंदौर संकेत**



**इंदौर** • योग, स्वास्थ्य संवर्धन एवं सामाजिक चेतना के व्यापक प्रसार के उद्देश्य से योग आयोग, मध्य प्रदेश शासन के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय 'लक्ष्य 'मंथन' योगासन प्रतियोगिता' का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन से जुड़ी विस्तृत कार्य योजना साझा करते हुए लक्ष्य पर्यावरण एवं वाटर सॉल्यूशन वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद नन्दवाल ने बताया कि संस्था पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन और सामाजिक जनजागरूकता के साथ-साथ स्वस्थ व तनावमुक्त जीवनशैली के निर्माण के लिए सतत प्रयासरत है। इसी कड़ी में प्रदेश की उभरती युवा प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करने तथा योगासन खेलों को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने के संकल्प के साथ इस व्यापक प्रतियोगिता की रूपरेखा तैयार की गई है।

## इंदौर में प्राइड प्लाज़ा का शुभारंभ



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • बिज़नेस कनेक्ट द्वारा वर्ष 2024 में होटल समूह विस्तार के लिए 'इंडियाज़ लीडिंग ग्रुप' के सम्मान से सम्मानित प्राइड होटल्स एंड रिसॉर्ट्स ने आज प्राइड प्लाज़ा इंदौर के शुभारंभ की घोषणा की। एबी बायपास, राऊ के निकट स्थित यह 141 कमरों वाला अपस्केल होटल व्यावसायिक यात्रियों, सम्मेलनों, सामाजिक आयोजनों और भव्य विवाह समारोहों के लिए एक प्रमुख आतिथ्य गंतव्य के रूप में विकसित किया गया है। यह शुभारंभ समूह के लिए विशेष महत्व रखता है और विशेष रूप से प्राइड होटल्स लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर एस. पी. जैन के लिए, जिनका संबंध मध्य प्रदेश के सागर जिले से है। उनके लिए यह केवल एक व्यावसायिक उपलब्धि नहीं, बल्कि अपनी जड़ों से जुड़ने का एक भावनात्मक अवसर भी है। एस. पी. जैन, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, प्राइड होटल्स लिमिटेड ने कहा, 'हमें भारत के हृदय, मध्य प्रदेश के इंदौर में अपने होटल का शुभारंभ करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। यह संपत्ति हमारे लिए विशेष महत्व रखती है। यह समूह का 8वां स्वामित्व वाला होटल है, और मध्य प्रदेश — जिस राज्य को मैं अपना घर मानता हूं — में इसका होना इस अवसर को मेरे लिए और पूरे प्राइड होटल्स परिवार के लिए बेहद व्यक्तिगत और विशेष बनाता है।

## धार में कैचमेंट एरिया के 140 एकड़ में जलाशयों को पुनर्जीवित करेगी ब्रिजस्टोन इंडिया



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • ब्रिजस्टोन इंडिया ने मध्य प्रदेश में पानी की कमी का सामना कर रहे क्षेत्रों में ग्राउंडवाटर रीचार्ज (भूजल पुनर्भरण) करने और जैव विविधता को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा है। कंपनी के प्रोजेक्ट 'प्रवाह' के माध्यम से धार, मध्य प्रदेश में करीब 140 एकड़ के कैचमेंट एरिया के तीन पारंपरिक जलाशयों को लाभ होगा। कृषि एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इस पहल को समाज द्वारा संचालित किया जाएगा। इन क्षेत्रों में वर्षों तक अत्यधिक भूजल दोहन होने के कारण जल संकट की स्थिति बन गई है।



## सरयूपारिण ब्राह्मण समाज द्वारा महाकवि गोस्वामी तुलसीदास जयंती मनाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • सरयूपारिण ब्राह्मण समाज सेवा संस्था के युवा संगठन के अध्यक्ष अवध नारायण शुक्ला, अजय त्रिपाठी ने बताया की गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर समाज द्वारा भव्य पैमाने पर संतोष सभागृह में तुलसीदास जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कवि सत्यनारायण सत्तन , प्रो. डॉ.राजीव शर्मा तथा पूर्व विधायक संजय शुक्ला शरद तिवारी चंद्रमोहन दुबे श्रीमती श्यामली मिश्रा सहित अनेक समाज बंधु शामिल हुए। सत्यनारायण सत्तन व्दारा तुलसीदास व रामचरितमानस की चौपाइयों में जीवन के महत्त्व पर प्रकाश डाला।



## राजीव गांधी जयंती पर हाथ में पोस्टर लेकर लगाई सद्भावना दौड़

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव एवं मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र के प्रदेश प्रवक्ता पार्षद सादिक खान के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वर्गीय राजीव गांधी जी की जयंती के अवसर पर इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी एवं मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र द्वारा सफेद वस्त्रों हाथों में स्व राजीव गांधी जी कि तस्वीर हाथों में लेकर में स्व राजीव गांधी प्रतिमा तक सद्भावना दौड़ आयोजित की इस दौरान राजीव गांधी अमर रहे मां बेटे का ये बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तान इस अवसर पर इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव तथा मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र के प्रदेश प्रवक्ता एवं पार्षद सादिक खान ने संबोधित करते हुए बताया हैं कि स्व राजीव गांधी की प्रतिमा पर पहुंचकर देश की एकता और भाईचारा बनाए रखने तथा आतंकवाद के खिलाफ सभी कांग्रेसजनों द्वारा शपथ ली।

## 'सलामी 2026' में गूंजा देशभक्ति का जज़्बा, शहीद परिवारों का हुआ विशेष सम्मान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • देशभक्ति, राष्ट्र गौरव, सामाजिक जिम्मेदारी और युवा प्रतिभाओं को समर्पित भव्य आयोजन 'सलामी 2026' का आयोजन बुधवार को जीवार्थ फाउंडेशन, इंदौर द्वारा लता मंगेशकर ऑडिटोरियम, इंदौर में किया गया। कार्यक्रम में इंदौर के लगभग 60 विद्यालयों के 1500 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करना, राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का एहसास कराना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम की



मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. जनक पलटा मैकगिलिगन रहीं। कार्यक्रम में विशेष अतिथि डॉ. पी. के. भट्ट, कर्नल एन. के. माथुर, ग्रुप कैप्टन सी. के. कार्तिक एवं कमांडर एनी पाउलोस उपस्थित रहे। 'सलामी 2026' में इंदौर के लगभग 60 विद्यालयों के 1500 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, नृत्य एवं चित्रकला के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता, पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्ति जैसे महत्वपूर्ण संदेश समाज तक पहुंचाए।

## खजराना मंदिर में 10 दिवसीय उत्सव 14 सितम्बर से

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** •खजराना गणेश मंदिर में आगामी 14 सितम्बर से 10 दिवसीय गणेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस गणेश उत्सव आयोजन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने आज मंदिर पहुंचकर 10 दिवसीय गणेश उत्सव की तैयारियों, निर्माण एवं विकास कार्यों तथा श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में दर्शन व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, स्वच्छता, विद्युत एवं पुष्प सजावट, प्रसाद वितरण, धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम और भगवान श्री गणेश के विशेष श्रृंगार सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की कार्ययोजना पर चर्चा कर उन्हें अंतिम रूप दिया। इस अवसर पर आयोजित बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि गणेश उत्सव के दौरान बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम और व्यवस्थित दर्शन की सुविधा मिले तथा किसी भी स्तर पर अव्यवस्था की स्थिति निर्मित नहीं हो।

## तीन इमली चौराहे पर आरटीओ व यातायात पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • कलेक्टर शिवम वर्मा के नेतृत्व तथा आरटीओ इंदौर प्रदीप शर्मा के मार्गदर्शन में मंगलवार की शाम तीन इमली चौराहे पर क्षेत्रीय परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस इंदौर द्वारा संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यात्री वाहनों के साथ-साथ स्कूली बच्चों को परिवहन करने वाली वेनों एवं अन्य वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन कर संचालित किए जा रहे लगभग यात्री एवं स्कूली परिवहन वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान एक बस के पास वैध परमिट नहीं पाए जाने पर उसे मौके पर जब्त किया गया। इसके साथ ही विभिन्न अनियमितताओं के चलते अन्य वाहनों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान वाहन संचालकों से कुल 1,31,000 (एक लाख इकतीस हजार रुपये) का जुर्माना वसूल किया गया।

यह कार्रवाई यात्री वाहनों में नियमों का पालन सुनिश्चित करने तथा स्कूली बच्चों के सुरक्षित परिवहन के उद्देश्य से की गई। परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा विशेष रूप से ऐसे वाहनों की जांच की जा रही है, जो बिना आवश्यक दस्तावेजों एवं वैध अनुमति के संचालित किए जा रहे हैं। संयुक्त कार्रवाई में हिंदू सिंह मुवेल, सहायक पुलिस आयुक्त, यातायात इंदौर तथा आरटीओ इंस्पेक्टर आकाश सिटोले उड़नदस्ता प्रभारी इंदौर सहित परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस की टीम मौजूद रही।

अधिकारियों ने बताया कि यात्री एवं स्कूली वाहनों की जांच का अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन संचालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम एवं प्रचलित नियमों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

इंदौर, गुरुवार 20 अगस्त 2026

न्यूज ब्रीफ

## भगवान शिव का 151 जोड़ो ने वेद मंत्रों द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर किया रुद्राभिषेक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • संस्था साक्षी समाज सेवा संस्थान द्वारा राजवाड़ा स्थित मल्हारी मार्तंड मंदिर में सावन मास के अवसर पर भगवान शिव का अभिषेक 151 जोड़ों व अन्य सदस्यो द्वारा वेद मंत्रों के बीच किया। संस्था की अध्यक्ष सीमा सेन ने बताया कि मल्हारी मार्तंड मंदिर में सुबह 7 बजे से मातृशक्तियों ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर पूजन के भगवान शिव का रुद्राभिषेक की शुरुआत की। उसके बाद मुख्य यजमान गौ सेवक सरीता गोपाल अग्रवाल, आशाराम अग्रवाल राजेन्द्र सोनी वीनय जैन रामचंद्र दूबे बंगेरा ज्योती शर्मा सपना शर्मा अमीता सींग सुमित्रा अरोरा क्रष्णा कराडा सरस्वती शर्मा सहित 151 जोड़ों व अन्य सदस्यो द्वारा 51-51 पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर पण्डित लीलाधर वारकर एंव 11 ब्रह्मणो की उपस्थिति में रूद्र अभिषेक किया।

## गड्ढे भरो, जान बचाओ आंदोलन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शहर की बदहाल सड़कों और जगह-जगह बने जानलेवा गड्ढों को लेकर आम आदमी पार्टी द्वारा 'गड्ढे भरो, जान बचाओ आंदोलन' चलाया जा रहा है। बारिश के दौरान शहर की सड़कों पर गड्ढों की समस्या और गंभीर हो गई है। गड्ढों में पानी भर जाने के कारण वाहन चालकों को उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लगता और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। इसके बावजूद कई स्थानों पर मरम्मत के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। नगर निगम द्वारा गड्ढों की मरम्मत के लिए आधुनिक तकनीक और मशीनरी के उपयोग की बात कही गई है। करीब 1 से 2 करोड़ रुपये की मशीनरी/तकनीक के माध्यम से गड्ढों की मरम्मत की व्यवस्था होने के बावजूद यदि शहर की सड़कें गड्ढों से भरी हैं, तो यह नगर निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। आम आदमी पार्टी का सवाल है कि जब गड्ढे भरने के लिए आधुनिक मशीनरी और तकनीक उपलब्ध है, तो उसका युद्धस्तर पर इस्तेमाल क्यों नहीं किया जा रहा है?



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • माटी गणेश कलाकार देवेंद्र अत्रे पर्यावरण संरक्षण के लिए पिछले 20 वर्षों से बच्चों को मिट्टी के गणेश जी बनाना सिखा रहे हैं। उनकी इस कला और सेवा की कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी सराहना की।

# शिक्षकों से 15 करोड़ कमाने की तैयारी में सरकार

### शिक्षकों ने पात्रता परीक्षा का फॉर्म भरा तो शासन के खाते में आएगी रकम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**भोपाल** • सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद प्रदेश के प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों से शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) ले रही राज्य सरकार पर परीक्षा शुल्क को लेकर सवाल उठ रहे हैं। कर्मचारी चयन मंडल ने परीक्षा के लिए 1000 रुपए शुल्क तय किया है। प्रदेश में करीब 1.50 लाख शिक्षक इसके दायरे में आने का अनुमान है। ऐसे में केवल परीक्षा शुल्क से करीब 15 करोड़ रुपए जमा होंगे। शिक्षक संगठनों का दावा है कि परीक्षा के आयोजन पर इससे काफी कम राशि खर्च होगी। शिक्षक संगठनों ने 1000 रुपए शुल्क का विरोध शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि ये शिक्षक नई नियुक्ति के लिए परीक्षा नहीं दे रहे हैं, बल्कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के पालन में सेवा में बने रहने के लिए पात्रता परीक्षा दे रहे हैं। संगठनों ने मुख्यमंत्री और स्कूल शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर परीक्षा शुल्क माफ करने की मांग करने की तैयारी की है। तब तक प्रदेश के शिक्षकों से फॉर्म नहीं भरने की अपील भी की गई है। प्रदेश में वर्ष 1998 से 2009 के बीच नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने पर ही सेवा में रखने का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने मई 2026 में दिया था। इसके बाद स्कूल शिक्षा और जनजातीय कार्य विभाग के करीब 1.50 लाख शिक्षक परीक्षा के दायरे में आने का अनुमान है। कर्मचारी चयन मंडल ने स्कूल शिक्षा विभाग के प्रस्ताव पर प्राथमिक और माध्यमिक वर्ग के शिक्षकों के लिए 21 अगस्त से 9 सितंबर तक आवेदन प्रक्रिया तय की है। इसके लिए 1000 रुपए परीक्षा शुल्क के अलावा एमपी ऑनलाइन और कियोस्क का शुल्क भी देना होगा।

### शिक्षक शुल्क देने के पक्ष में नहीं

शिक्षक संगठनों ने शुल्क का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री और स्कूल शिक्षा मंत्री से मुलाकात की तैयारी शुरू कर दी है। शिक्षक संयुक्त मोर्चा की ओर




से 26 अगस्त तक दोनों से मुलाकात का प्रयास किया जा रहा है। संगठनों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के पालन में सरकार परीक्षा करा रही है, इसलिए इसका खर्च भी शासन को ही उठाना चाहिए। शिक्षकों से शुल्क लेना उचित नहीं है, क्योंकि वे किसी नई नियुक्ति के लिए आवेदन नहीं कर रहे हैं।

### 30 अगस्त को जंतर-मंतर पर जुटेंगे शिक्षक

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से प्रभावित देशभर के शिक्षक 30 अगस्त को दिल्ली के जंतर-मंतर पर जुटने की तैयारी में हैं। शिक्षक संगठनों का कहना है कि केंद्र सरकार से अध्यादेश लाने और शिक्षकों के हित में निर्णय लेने की मांग की जाएगी। राज्य अध्यापक संघ, शासकीय शिक्षक संगठन समेत अन्य संगठनों ने प्रदेश के शिक्षकों से दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया है। शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश ने सेवारत शिक्षकों की टीईटी नि:शुल्क कराने की मांग की है। संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र कौशल ने कहा कि यह परीक्षा शासन और शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुपालन का हिस्सा है, इसलिए इसका खर्च शिक्षकों से लेना उचित नहीं है।

## लहरिया महोत्सव में महिलाओं ने बिखेरे सावन के रंग, प्रतियोगिताओं में दिखा उत्साह

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शेखावाटी सेन समाज इंदौर की महिलाओं की ओर से लहरिया महोत्सव का आयोजन किया गया। सावन और मानसून की थीम पर आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साह के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। बेस्ट लहरिया क्वीन, चेयर रेस, बैलून गेम्स और रैंप वॉक सहित अन्य प्रतियोगिताओं ने कार्यक्रम में रंग जमा दिया। महिलाओं ने मानसून की थीम पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का मनोरंजन किया। उषा तुंदवाल ने बताया कि सावन तीज के पावन अवसर पर श्री



चारभुजानाथ मंदिर में शिव-पार्वती परिवार की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद महिलाओं ने फलाहार एवं भोजन प्रसादी ग्रहण की। पूरे आयोजन में सावन के उल्लास के साथ महिलाओं ने एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में मणि वर्मा, राधिका सेन,मंजू अमेरिया, राधिका सेन, सुमित्रा मिर्दवाल, शीतल चौहान, खुशबू चौहान, सुनीता सेन, रिंकू मिर्दवाल, खुशबू सेन और डिना सेन सहित समाज की महिलाएं शामिल हुईं।

## प्रभु पारसनाथ को समर्पित किया गया 351 किलो का निर्वाण लाडू,

**इंदौर** •जीवन में स्वयं के अपमान की कीमत पर यदि कोई युद्ध टल रहा हो या किसी समाज अथवा राष्ट्र का भला हो रहा हो तो ऐसा अपमान अवश्य सहन कर लेना चाहिए। अपमान का कड़वा घूँट हर कोई नहीं पी सकता लेकिन जहाँ परिवार और समाज के हित की बात हो वहां प्रभु पारसनाथ जैसे तीर्थंकर के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेकर हमें भी अपने सम्मान की चिंता और इच्छा को छोड़कर बड़े दिल से निर्णय लेना चाहिए। प्रभु पारसनाथ बनना आसान नहीं है, उन्होंने अपना घोर अपमान सहन कर अपने तप, साधना और त्याग के दम पर 22 तीर्थंकरों को पीछे छोड़कर पहले क्रम पर स्वयं को स्थापित किया। आज उनके निर्वाण दिवस पर हम सबका यही संकल्प होना चाहिए कि समाज और राष्ट्र के व्यापक हित के सामने हम स्वयं के अपमान और अनादर को बहुत छोटी घटना मानकर बर्दाश्त करना सीखेंगे। ये दिव्य और भावपूर्ण विचार हैं संत शिरोमणि प.पू. विद्यासागर म.सा. के परम प्रभावक शिष्य और राष्ट्रसंत मुनि पुंगव प.पू. श्री सुधासागर महाराज के, जो उन्होंने बुधवार को सकल दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति के तत्वावधान में दलाल बाग के विशाल विद्या-सुधा सत्संग मंडप में चल रहे चातुर्मास के दौरान भगवान पारसनाथ के निर्वाण दिवस पर उपस्थित देशभर से आए श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

## दूध उत्पादकों की हड़ताल समाप्त, प्रशासन की पहल पर नई दरें तय

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खातेगांव** • खातेगांव में दूध उत्पादकों की दो दिवसीय हड़ताल सोमवार को समाप्त हो गई। प्रशासन की मध्यस्थता से हुई बैठक में दूध की नई दरों पर सहमति बनी, जिसके बाद दूध की आपूर्ति बहाल करने का निर्णय लिया गया। हड़ताल के पहले दिन रविवार को नगर में दूध की भारी कमी देखी गई, जिससे लोगों को काफी परेशानी हुई। छोटे बच्चों और बुजुर्गों वाले परिवारों को विशेष रूप से दूध के लिए जूझना पड़ा। दूध उत्पादकों ने पैकेज्ड दूध बेचने वाले सांची, अमूल और श्रीधी जैसे विक्रेताओं पर भी दूध न बेचने का दबाव बनाया था, जिससे विवाद की स्थिति बन गई थी। लगातार दूसरे दिन भी दूध की आपूर्ति प्रभावित रहने के बाद प्रशासन ने मामले में हस्तक्षेप किया। सोमवार को एसडीएम कार्यालय में एसडीएम राजेंद्र पंवार, तहसीलदार जितेंद्र सिंह तोमर और टीआई विजय सिंह लोधी की उपस्थिति में डेयरी संचालकों और दूध उत्पादकों के बीच एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान दूध की खरीद और बिक्री की दरों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में बनी सहमति के अनुसार, दूध उत्पादकों के लिए भैंस के दूध की दर 9.70 रुपये प्रति फैट और गाय के दूध की दर 10.50 रुपये प्रति फैट निर्धारित की गई है। ग्राहकों को डेयरी से मिलने वाले 6 फैट वाले दूध की अधिकतम कीमत 66 रुपये प्रति लीटर तय की गई है।

इस सहमति के बाद दूध उत्पादकों ने अपनी हड़ताल समाप्त कर दी। उम्मीद है कि इससे पिछले दो दिनों से प्रभावित दूध की आपूर्ति सामान्य हो जाएगी और स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी।

## 42-टन शक्कर गायब होने का खुलासा, कानपुर से 3 गिरफ्तार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**देवास** •पुलिस ने मंगलवार को 42 टन शक्कर गायब होने के मामले में तीन आरोपियों को कानपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 21.9 टन यानी 438 बोरी शक्कर, तीन वाहन, फर्जी नंबर प्लेट और 4 लाख रुपए बरामद किए हैं। मामला 30 जुलाई का है। महाराष्ट्र की एक निजी कपंनी से 840 बोरी शक्कर इंदौर के पाल्दा स्थित गोदाम के लिए भेजी गई थी। इसकी कीमत करीब 18.32 लाख रुपए थी। शक्कर ट्रक से भेजी गई। लेकिन गोदाम तक नहीं पहुंची। इसके बाद ट्रक चालक का मोबाइल भी बंद हो गया। इसकी शिकायत पर औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने केस दर्ज किया। जांच में पता चला कि आरोपी शक्कर लेकर निकले थे फिर ट्रक के टोल से गुजरने के बाद उन्होंने उसकी नंबर प्लेट बदल दी। जांच महाराष्ट्र से मध्य प्रदेश होते हुए उत्तर प्रदेश तक पहुंची। पुलिस ने 12 अगस्त को कानपुर में दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### मुख्य आरोपी की तलाश जारी

पुलिस के अनुसार, उपेन्द्र भदौरिया को मामले का मुख्य आरोपी माना जा रहा है। गौरव सिंह, मोहित सिंह और अभय सिंह की भूमिका की भी जांच हो रही है। ये आरोपी फिलहाल फरार हैं और उनकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में अनुज सिंह (24), गोविंद औमर (34) और विशाल साहू (19) शामिल हैं।

## सच्चा आनंद चाहिए तो भगवान शिव की शरण में ही जाना पड़ेगा-पं. शिवेंद्र कृष्ण शास्त्री

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** •हम सब जीवनभर अंतिम क्षणों तक यही प्रयास करते हैं कि जीवन में कभी दुख आए ही नहीं। चींटी से लेकर देवता तक यही कामना रखते हैं। संसार का दूसरा नाम दुखालय है। माया दुखों का घर है। ओस के कण चाट लेने से प्यास तृप्त नहीं हो सकती। हीरा खरीदने के लिए सब्जीमंडी नहीं सराफा ही जाना पड़ेगा। सच्चा आनंद चाहिए तो भगवान शिव की शरण में ही जाना पड़ेगा। तिलक नगर क्षेत्र के कृषि विहार उद्यान स्थित श्री पीपलेश्वर महादेव मंदिर पर शिव महापुराण कथा के शुभारंभ सत्र में श्रीधाम वृन्दावन के प्रख्यात आचार्य पं. शिवेंद्र कृष्ण शास्त्री ने उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए। कथा का शुभारंभ मंदिर परिसर में निकली शिवपुराण की शोभायात्रा के साथ हुआ, जिसमें परंपरागत



वाद्ययंत्रों की स्वरलहरियों पर थिरकते श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। आयोजन समिति की ओर से पिंटू नामदेव-नीता मिश्रा, एमआईसी सदस्य राजेश उदावत, छत्रपाल सोलंकी, संजय खादीवाला एवं विजय मिश्रा सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शिवपुराण का पूजन किया। व्यासपीठ पूजन के साथ कथा का शुभारंभ हुआ। संयोजक पिंटू नामदेव ने बताया कि पं. शिवेंद्र कृष्ण शास्त्री 25 अगस्त तक यहाँ प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक शिवपुराण कथामृत की वर्षा करेंगे। कथा के दौरान शिवलिंग पूजन विधि, भस्म एवं रूद्राक्ष महिमा, पार्वती जन्मोत्सव, शिव-पार्वती विवाह, कार्तिकेय जन्म प्रसंग, तुलसी-जालंधर कथा, शिवरात्रि व्रत कथा, जप का महात्यम सहित भगवान शिवाशिव की आराधना से जुड़े विभिन्न प्रसंगों की संगीतमय व्याख्या होगी। आज कथा में पहले दिन ही भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। कथा में विभिन्न उत्सव भी मनाए जाएँगे।

## रामद्वारा पर गोस्वामी तुलसीदास की 529वीं जयंती पर आयोजित धर्मसभा में आशीर्वचन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस जैसे कालजयी ग्रन्थ की रचना ऐसे मुश्किल समय में की, जब धर्म और संस्कृति की बात करना भी अपराध माना जाता था। उन्होंने अपनी रचना से हिन्दू समाज को न केवल जागृत बनाया बल्कि संगठित और चैतन्य भी बनाने की ऊर्जा प्रदान की। यह गोस्वामी तुलसीदास का ही पुण्य प्रताप था कि बिखरा और सोया हुआ समाज एकजुट होकर धर्म एवं राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार बना। यदि तुलसीदास ने नहीं चेताया होता तो आज समाज की तस्वीर कुछ और ही होती। छत्रीबाग रामद्वारा पर चल रहे चातुर्मास महोत्सव में बुधवार को भारतीय सनातन संस्कृति के संवाहक गोस्वामी तुलसीदास की 529वीं जयंती पर रामस्नेही संप्रदाय के संत हर्षराम महाराज तालवाले ने उक्त प्रेरक बातें कही।

## भाजपा किसान मोर्चा निकालेगा जय जवान जय किसान तिरंगा यात्रा



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** •भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, तिरंगा यात्रा नगर संयोजक भारत पारख और किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष रजनीश वर्मा ने बताया कि किसान मोर्चा की कामकाजी बैठक आज भाजपा कार्यालय पर विचार परिवार के देवेंद्र शर्मा, नगर उपाध्यक्ष भारत पारख, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पटेल, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष रजनीश वर्मा, निवृत्तमान नगर अध्यक्ष मुकेश पंवार, पूर्व जिला अध्यक्ष घनश्याम नारोलिया की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पटेल ने कहा कि किसान मोर्चा द्वारा पूरे प्रदेश में जय जवान- जय किसान यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है, सेना का जवान जब सीमा पर और अन्नदाता खेतों में पसीना बहाता हैं तब देश में खुशहाली आती है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिपावली सेना के जवानों के साथ मनाते है, तो किसानों को भी आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके कल्याण के लिए योजनाएं बनाते है। अन्नदाता भी देश के सजग प्रहरी के रूप में देश के विकास में योगदान देते हैं।

## कावड़ यात्री समृद्ध और संस्कारित राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनें

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • वर्ल्ड हिन्दू फेडरेशन की ओर से तेजाजी नगर, खंडवा रोड पर श्रावण मास में ओंकारेश्वर, खेड़ीघाट और मंडलेश्वर से महाकालेश्वर तक आने-जाने वाले कावड़ यात्रियों की सेवा के लिए स्थापित ओम महाकाल कावड़ सेवा शिविर में युगपुरुष धाम हरिद्वार से पधारे महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानंद गिरि ने पहुंचकर कावड यात्रियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया और मार्ग से गुजर रहे कावड यात्रियों को भगवान महाकाल की प्रतिकृति भेंट कर आह्वान किया कि वे सनातन धर्म एवं सेवा के मार्ग पर चलकर एक समृद्ध और संस्कारित राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनें। शिविर संयोजक वर्ल्ड हिन्दू फेडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर समाजसेवी रामबाबू अग्रवाल, खेमराज बरोड़ एवं मंडल अध्यक्ष पृथ्वी गोरे सहित अनेक विशिष्टजन भी उपस्थित थे।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### ॥ अपॉइंटमेंट लीजिए-अपॉइंटमेंट दीजिए ॥

मोबाइल का युग है। आप किसी से भी मात्र एक रिंग की दूरी पर हैं। कॉल करने से सामने वाला डिस्टर्ब हो रहा हो तो व्हाट्सएप या एस एम एस तो है ही। चाहे कोई कितना ही नज़दीकी क्यों न हो, मिलने जाने से पहले समय लेना दोनों के लिए सुविधाजनक रहता है। जब समय की बात हो तो यह भी क्लीयर करते चलिए कि सिर्फ़ शिष्टाचार भेंट के लिए जा रहे हैं या किसी काम के लिए। काम बताने में दिक़्क़त न हो तो वह भी पहले से ही बता देना चाहिए। सामने वाला व्यक्ति मानसिक तैयारी के साथ रहेगा। मुलाक़ात में भूमिका का समय बच जाता है। मुलाक़ात के लिए कितना समय चाहिए, यह भी अगर पहले से ही बता दें तो सोने पर सुहागा। किसी बड़े आदमी से फ़ोन पर बात करनी हो और कोई इमर्जेंसी न हो तो सीधे कॉल करने के बजाय चैट करके कॉल करने के लिए समय ले लेना बेहतर रहता है। इसी तरह अगर हम किसी को अपॉइंटमेंट दे रहे हों, तब भी लागू की जा सकती है। कोई व्यक्ति किसी काम से मिलने आ रहा है तो काम की पुरानी स्थिति को समझकर अनुमानित समय के बारे में विनम्रता से पूछा जा सकता है। इससे उनका और हमारा, दोनों का समय बचेगा। दो अपॉइंटमेंट्स के बीच टाइम का कुशन भी रखिए। कई बार मीटिंग उम्मीद से कुछ लम्बी चल जाती है। रास्ते में ट्रैफ़िक जाम हो सकता है और मीटिंग देर से भी शुरू हो सकती है। डिजास्टर प्लानिंग लेकर चलें। सत्कार के लिए चाय, स्वल्पाहार का मन हो तो उसकी प्लानिंग भी पहले से ही की जा सकती है। किसी रेस्तराँ में जा रहे हों तो टेबल पहले से ही बुक कर देने से समय बचता है। छोटे शहरों में तो हम रेस्तराँ के लिए निकलते समय फ़ोन पर ही टेबल बुकिंग के साथ खाने का भी ऑर्डर दे देते हैं। चलते-चलते एक रोचक बानगी... नामचीन बिजनेसमैन के केबिन में केवल एक ही कुर्सी रहती थी। अगर मिलने वाला किसी ज़रूरी काम के लिए आता था, तो वे कुर्सी उसे दे देते थे, और ख़ुद खड़े रहकर बात सुनते थे। मिलने वाला अगर किसी गैर-जरूरी काम के लिए आता था, तो वे कुर्सी पर बैठे रहते थे। ज़ाहिर है, जब एक व्यक्ति बैठा हो और दूसरा खड़ा, तो केवल काम की ही बातें हो सकती हैं। और मीटिंग समय से ख़त्म हो जाती है। ज़्यादा शब्दों में थोड़ा कहने के बजाय कम शब्दों में ज़्यादा बात करना हमेशा बेहतर है। धन्यवाद




– दुनिया बहुत तेज़ी से बदल रही है, अब बड़े-छोटों को नहीं बल्कि तेज़-धीमों को हराएँगे।

–सतीश शर्मा

राजीव गांधी जयंती 20 अगस्त 2026 विशेष

# 'कंप्यूटर क्रांति के सूत्रधार, पंचायती राज के शिल्पकार और अंतिम छोर के व्यक्ति को प्रथम पंक्ति में लाने वाले युवा प्रधानमंत्री थे राजीव गांधी

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी आधुनिक भारत के उन नेताओं में शुमार हैं, जिन्होंने देश को केवल अपने समय की चुनौतियों से निकालने का प्रयास नहीं किया, बल्कि आने वाली 21वीं सदी के भारत की नींव रखने का सपना देखा। वे ऐसे समय में राजनीति में आए, जब देश तकनीकी रूप से आज की तुलना में बहुत पीछे था। उन्होंने विज्ञान, तकनीक, संचार, शिक्षा और पंचायती राज को भारत के भविष्य की ताकत के रूप में देखा।



राजीव गांधी का जन्म 20 अगस्त 1944 को हुआ था। वे पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के बड़े पुत्र और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के नाती थे। प्रारंभ में उनकी राजनीति में कोई विशेष रुचि नहीं थी। उन्होंने विमान चालक के रूप में अपना पेशेवर जीवन शुरू किया और सार्वजनिक जीवन से दूर रहना पसंद किया। लेकिन छोटे भाई संजय गांधी की 23 जून 1980 को विमान दुर्घटना में असामयिक मृत्यु के बाद परिस्थितियों ने उन्हें राजनीति में आने के लिए मजबूर किया। वर्ष 1981 में उन्होंने अमेठी से लोकसभा चुनाव जीता और सक्रिय राजनीति में प्रवेश किया।

31 अक्टूबर 1984 को श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के बाद देश के सामने असाधारण परिस्थितियां थीं। उसी दिन राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री पद की जिम्मेदारी संभाली। दिसंबर 1984 के आम चुनाव में कांग्रेस को ऐतिहासिक बहुमत मिला और राजीव गांधी देश के प्रधानमंत्री बने। उस समय उनकी आयु मात्र 40 वर्ष थी। वे भारत के सबसे युवा प्रधानमंत्रियों में से एक थे।

राजीव गांधी की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने भारत को भविष्य की दृष्टि से देखने का साहस किया। उन्होंने कहा था कि भारत को 21वीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार करना होगा। जिस दौर में कंप्यूटर को लेकर देश में आशंकाएं थीं, उसी दौर में राजीव गांधी ने कंप्यूटर और आधुनिक तकनीक को भारत की विकास यात्रा का आवश्यक हिस्सा माना।

सैम पित्रोदा के साथ मिलकर उन्होंने दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई दिशा देने का प्रयास किया। कंप्यूटर और आधुनिक संचार तकनीक को बढ़ावा देने के उनके फैसलों का उस समय विरोध भी हुआ, लेकिन बाद के वर्षों में यही तकनीकी क्रांति भारत की अर्थव्यवस्था और रोजगार का महत्वपूर्ण आधार बनी। आज भारत की डिजिटल शक्ति और सूचना प्रौद्योगिकी की वैश्विक पहचान को समझने के लिए राजीव गांधी के उस शुरुआती दृष्टिकोण को याद करना जरूरी है। राजीव गांधी का सपना केवल शहरों को आधुनिक बनाने का नहीं था। वे चाहते थे कि विकास की रोशनी गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसी सोच के कारण उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। उनका मानना था कि लोकतंत्र केवल संसद और विधानसभाओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि गांव के स्तर तक जनता की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। राजीव गांधी ने प्रशासनिक व्यवस्था में भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उनका प्रसिद्ध कथन था कि केंद्र से भेजे गए एक रुपये में से बहुत कम राशि वास्तविक लाभार्थी तक पहुंचती है। इस कथन के माध्यम से उन्होंने यह मुद्दा उठाया कि विकास योजनाओं का पैसा अंतिम व्यक्ति तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचना चाहिए।

73वें और 74वें संविधान संशोधन के माध्यम से पंचायती राज और नगरीय निकायों को संवैधानिक दर्जा देने की दिशा में निर्णायक कदम बाद में 1992-93 में उठाया गया, अर्थात राजीव गांधी के प्रधानमंत्री रहते हुए उनका प्रस्तावित विधेयक पारित नहीं हो सका था। लेकिन स्थानीय स्वशासन को संवैधानिक मजबूती देने की उनकी पहल ने आगे की प्रक्रिया की मजबूत आधारभूमि तैयार की। मध्य प्रदेश में भी पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने की दिशा में उस दौर में महत्वपूर्ण प्रयास हुए और बाद में राज्य ने इसे व्यापक रूप से लागू किया।

राजीव गांधी की सोच में युवा भारत का विशेष स्थान था। मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष करने का संवैधानिक संशोधन उनके कार्यकाल की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में शामिल है। इससे करोड़ों युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में प्रत्यक्ष भागीदारी का अवसर मिला। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में भी नई सोच को आगे बढ़ाया। 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा के विस्तार, आधुनिकीकरण और तकनीकी शिक्षा पर जोर दिया गया। ग्रामीण प्रतिभाओं को अवसर देने के उद्देश्य से जवाहर नवोदय विद्यालयों की अवधारणा भी इसी दौर में आगे बढ़ी।

राजीव गांधी की राजनीति का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी था कि वे भारत को विज्ञान और तकनीक के माध्यम से आत्मनिर्भर और आधुनिक राष्ट्र बनाना चाहते थे। उनके लिए आधुनिकता का अर्थ केवल बड़े शहर, बड़ी इमारतें या नई मशीनें नहीं थीं। उनका सपना था कि तकनीक का लाभ सामान्य नागरिक तक पहुंचे और शासन व्यवस्था अधिक तेज, पारदर्शी तथा जवाबदेह बने।

राजीव गांधी का व्यक्तित्व भी उन्हें अन्य राजनेताओं से अलग बनाता था। वे मूल रूप से एक सरल, सौम्य और आधुनिक सोच वाले व्यक्ति थे। उन्होंने राजनीति को अपना पहला करियर नहीं चुना था। परिस्थितियों ने उन्हें राजनीति में पहुंचाया, लेकिन उन्होंने अपने सामने आए दायित्व को देश के भविष्य को बदलने के अवसर के रूप में स्वीकार किया।

उनकी पत्नी श्रीमती सोनिया गांधी थीं। उनके दो बच्चे—राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा—हैं। राजीव गांधी ने अपने राजनीतिक जीवन में अपने परिवार को सत्ता की राजनीति में स्थापित करने की कोशिश नहीं की। उनका जीवन इस बात का उदाहरण था कि राजनीति को केवल सत्ता प्राप्ति के साधन के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के माध्यम के रूप में भी देखा जा सकता है।

राजीव गांधी के जीवन में उपलब्धियों के साथ विवाद और राजनीतिक चुनौतियां भी रहीं। बोफोर्स सहित कई मुद्दों ने उनके शासन और राजनीतिक छवि को प्रभावित किया। लेकिन किसी भी ऐतिहासिक व्यक्तित्व का मूल्यांकन केवल उसके विवादों से नहीं, बल्कि उसके विचारों, नीतियों और दीर्घकालीन प्रभाव से भी किया जाना चाहिए।

1991 में आम चुनाव के दौरान वे देशभर में कांग्रेस के लिए प्रचार कर रहे थे। 21 मई 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक आत्मघाती बम विस्फोट में उनकी हत्या कर दी गई। उनकी आयु उस समय केवल 46 वर्ष थी। यह भारत के लोकतांत्रिक इतिहास की सबसे दर्दनाक घटनाओं में से एक थी। आज जब हम डिजिटल इंडिया, मोबाइल संचार, इंटरनेट, सूचना प्रौद्योगिकी, स्थानीय स्वशासन और युवाओं की लोकतांत्रिक भागीदारी की बात करते हैं, तब राजीव गांधी के उस दौर को याद करना आवश्यक हो जाता है जब इन विषयों को लेकर देश में भविष्य की केवल कल्पना की जा रही थी।

राजीव गांधी का सपना था—एक ऐसा भारत जिसमें विज्ञान और तकनीक केवल चुनिंदा लोगों की सुविधा न होकर आम नागरिक की ताकत बने; जिसमें सत्ता का विकेंद्रीकरण हो; जिसमें गांव का व्यक्ति भी निर्णय प्रक्रिया में भागीदार बने और जिसमें देश का अंतिम छोर पर खड़ा व्यक्ति विकास की पहली पंक्ति में आए।

इसीलिए स्वर्गीय राजीव गांधी को केवल पूर्व प्रधानमंत्री के रूप में याद करना उनके व्यक्तित्व और योगदान को सीमित करना होगा। वे आधुनिक भारत की उस सोच के सूत्रधार थे, जिसने कंप्यूटर, दूरसंचार, शिक्षा, युवा शक्ति और पंचायती राज को भविष्य के भारत से जोड़ा।

स्व. राजीव गांधी का सपना आज भी हमारे सामने एक सवाल की तरह खड़ा है—क्या विकास की अंतिम किरण वास्तव में अंतिम व्यक्ति तक पहुंची है? यदि उनके सपने को सही अर्थों में पूरा करना है, तो तकनीक का लाभ गांव तक, लोकतंत्र की ताकत अंतिम व्यक्ति तक और विकास के अवसर समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने होंगे।



यही स्वर्गीय राजीव गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

– **विनोद सेन,** सचिव
मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी

## आंचलिक

### बादल छाए लेकिन नहीं बरसे, फसलों को लेकर किसानों की चिंता बढ़ी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** • शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले चार दिनों से अच्छी बारिश नहीं हुई है। मंगलवार को कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी जरूर हुई, लेकिन तेज बारिश नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ने लगी है। दिनभर आसमान में घने बादल छाए रहे, इसके बावजूद बारिश नहीं होने से उमस और गर्मी का असर बना रहा। क्षेत्र में पहले हुई बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी पहुंची थी। इससे सोयाबीन सहित अन्य खरीफ फसलों की स्थिति में सुधार हुआ था। किसानों को उम्मीद थी कि बारिश का दौर आगे भी जारी रहेगा, लेकिन पिछले चार दिनों से तेज बारिश नहीं होने के कारण अब किसान एक बार फिर अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

#### बादल छाए, लेकिन बारिश नहीं

ग्रामीण क्षेत्रों में दिनभर आसमान में गहरे बादल छाए रहे। कुछ स्थानों पर थोड़ी देर बूंदाबांदी हुई, लेकिन यह खेतों के लिए पर्याप्त नहीं रही। किसानों का कहना है कि बादल लगातार बन रहे हैं, लेकिन बिना बरसे ही आगे निकल जा रहे हैं। किसानों के मुताबिक इस समय खरीफ फसलों के लिए खेतों में पर्याप्त नमी जरूरी है। यदि आने वाले दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो सोयाबीन समेत अन्य फसलों की बढ़वार प्रभावित हो सकती है। बारिश रुकने से किसानों की निगाहें अब मौसम पर टिकी हुई हैं।

#### अच्छी बारिश की उम्मीद

मौसम में लगातार बदलाव के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में बादल छाने से बारिश की उम्मीद बनी हुई है। हालांकि, झमाझम बारिश नहीं होने से किसान चिंतित हैं। किसानों का कहना है कि इस समय एक अच्छी बारिश खेतों में नमी बनाए रखने और फसलों की बेहतर बढ़वार के लिए काफी जरूरी है।

### यूसीसी बिल का हुआ विरोध, मुस्लिम प्रतिनिधियों ने संविधान विरोधी बताकर वापसी की मांग की

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** • समान नागरिक संहिता (यूसीसी) 2026 विधेयक के विरोध में बुधवार दोपहर मुस्लिम सर्व समाज के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने विधेयक को तत्काल वापस लेने और इस पर रोक लगाने की मांग की। प्रतिनिधियों ने कहा कि विभिन्न समुदायों की धार्मिक और सामाजिक परंपराओं को ध्यान में रखते हुए ऐसे कानून पर व्यापक चर्चा जरूरी है। उन्होंने राष्ट्रपति से विधेयक पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।



#### धार्मिक स्वतंत्रता प्रभावित होने का दावा

प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि समान नागरिक संहिता विधेयक संविधान में दिए गए मूलभूत अधिकारों का हनन करता है। उनका कहना है कि यह मुस्लिम पर्सनल लॉ के प्रावधानों के विपरीत है और लागू होने पर मुस्लिम समाज की धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्वतंत्रता से जुड़े अधिकार प्रभावित हो सकते हैं।

#### अनुच्छेद 25, 26 और 29 का दिया हवाला

प्रतिनिधि अल्ताफ आजाद ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार की कैबिनेट से मंजूरी के बाद विधेयक को राज्यपाल की स्वीकृति के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 25, 26 और 29 में दिए गए अधिकारों के विपरीत है और इससे संविधान की मूल भावना प्रभावित होगी। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में मुफ्ती एजाज, आसिफ प्रिंस, अल्ताफ आजाद, आश्मा शेख सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### मंडी में 11,690 क्विंटल प्याज की आवक, अधिकतम भाव 4 हजार रुपए प्रति क्विंटल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बदनावर** • बदनावर की स्थानीय कृषि उपज मंडी में बुधवार को प्याज की बंपर आवक दर्ज की गई। सब्जी मंडी में बिक्री के लिए 11,690 क्विंटल प्याज पहुंचा, जिससे मंडी परिसर में किसानों और व्यापारियों की भारी चहल-पहल देखने को मिली। वहीं सोयाबीन और गेहूं की आवक सामान्य बनी रही। मंडी प्रशासन के अनुसार, बुधवार को प्याज की आवक सर्वाधिक 11,690 क्विंटल रही। इसके न्यूनतम भाव 500 रुपए, अधिकतम 4,000 रुपए और मॉडल भाव 1,500 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किए गए। इसके अलावा मंडी में 645 क्विंटल लहसुन की आवक हुई, जो 3,000 से 12,000 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका। अनाज मंडी में सोयाबीन की 2,577 क्विंटल आवक दर्ज की गई, जिसके भाव 1,400 से 6,610 रुपए प्रति क्विंटल रहे। गेहूं की 1,163 क्विंटल आवक रही, जो 2,090 से 2,800 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर बिका। मंडी में बटला 10 क्विंटल, डॉलर चना 3 क्विंटल और देशी चना 1 क्विंटल बिक्री के लिए पहुंचा।

### संजय नगर कॉलोनी में विवाद एवं वाहनों में तोड़फोड़ के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस की दबिश

**अजय नलवाया (7879800048)**

**धार • दैनिक इंदौर संकेत**

18 अगस्त को रात्रि लगभग 10:00 बजे संजय नगर कॉलोनी निवासी संजय चौहान एवं उसके पुत्र द्वारा विजय सक्सेना के घर के बाहर पहुंचकर, विजय सक्सेना के पुत्र के उनकी बेटी से बातचीत एवं मिलने की बात को लेकर विवाद किया गया। इस दौरान घर के बाहर खड़ी कार एवं स्कूटी सहित अन्य वाहनों में तोड़फोड़ किए जाने की घटना सामने आई।



घटना की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा फरियादिया निवासी संजय नगर कॉलोनी की रिपोर्ट पर थाना नौगांव में आरोपी संजय पिता गिरधारी चौहान एवं उसके पुत्र निवासी संजय नगर कॉलोनी, नौगांव, धार के विरुद्ध अपराध क्रमांक दर्ज कर धारा 296(ए), 324, 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

घटना में संलिप्त दोनों बच्चे पूर्व से पड़ोसी है तथा एक ही स्कूल में अध्ययनरत हैं। पूर्व में भी दोनों के बीच आपसी विवाद होना सामने आया है।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आज दिनांक 19.08.2026 को नगर पुलिस अधीक्षक धार श्री शशांक सिंह गुर्जर के नेतृत्व में थाना नौगांव, थाना कोतवाली, थाना तिरला के पुलिस बल एवं पुलिस लाइन से प्राप्त अतिरिक्त बल के साथ आरोपियों के घर पर दबिश दी गई।

आरोपियों के परिजनों द्वारा दोनों आरोपियों के घटना के बाद से ही घर से फरार होना बताया गया। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु संजय नगर कॉलोनी एवं अन्य संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी गई।

पुलिस द्वारा आरोपियों के मोबाइल नंबर एवं सोशल मीडिया अकाउंट से संबंधित आवश्यक जानकारी भी संकलित की जा रही है। फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी उपरांत प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही हैं।

### उप डाकघर को मिली मंजूरी, जल्द ग्रामीणों को बचत, बैंकिंग और सरकारी योजनाओं की सुविधा स्थानीय स्तर पर मिलेगी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**मनावर** • गंधवानी में शाखा डाकघर को उप डाकघर में अपग्रेड करने की मंजूरी मिल गई है। केंद्रीय महिला और बाल विकास राज्य मंत्री और धार सांसद सावित्री ठाकुर की कोशिशों से यह संभव हुआ है। इस संबंध में मंजूरी का पत्र 13 अगस्त को मिला, जबकि इसके लिए 22 जुलाई 2026 को पत्र भेजा गया था। सांसद ठाकुर की मांग पर केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है। विभागीय प्रक्रिया पूरी होते ही गंधवानी में यह नया उप डाकघर खोल दिया जाएगा।



#### क्षेत्र के लोगों को मिलेगी बड़ी राहत

उप डाकघर खुलने से डाक और पार्सल सेवाओं के साथ-साथ बचत, बैंकिंग और सरकारी योजनाओं की सुविधा स्थानीय स्तर पर ही मिलने लगेगी। इससे ग्रामीणों, महिलाओं, छात्रों, बुजुर्गों, व्यापारियों और आदिवासी परिवारों को दूर-दराज के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

#### लंबे समय से की जा रही थी मांग

मनावर के भाजपा नेता सचिन पांडे ने बताया कि गंधवानी जैसे आदिवासी क्षेत्र में डाकघर का दर्जा बढ़ने से विकास को नई रफ्तार मिलेगी। केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने इस फैसले के लिए केंद्र सरकार का आभार जताया है। क्षेत्र के लोग लंबे समय से गंधवानी में उप डाकघर की मांग कर रहे थे।



## शतरंज मास्टर आर. प्रज्ञानंद ग्रैंड चेस टूअर के फाइनल में

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • भारतीय शतरंज मास्टर आर. प्रज्ञानंद ने ग्रैंड चेस टूअर के फाइनल में जगह बना ली है। ग्रैंड चेस टूअर 2026 छह टूर्नामेंटों की एक सीरीज है, जिसमें सुपर रैपिड एंड ब्लिट्ज़ पोलैंड, सुपर चेस क्लासिक रोमानिया, सुपर रैपिड एंड ब्लिट्ज़ क्रोएशिया, सेंट लुइस रैपिड एंड ब्लिट्ज, सिंकफील्ड कप और आखिर में ग्रैंड चेस टूअर फाइनल शामिल हैं। उन्होंने सिंक्विफील्ड कप के आठवें राउंड में फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव (एमवीएल) को काले मोहरों से 27 चाल में हरा दिया। इस जीत से प्रज्ञानानंदा के 5 अंक हो गए और वह अमरीका के वेस्ली सो के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर पहुंच गए। सिंकफील्ड कप का अभी एक राउंड बाकी है।

## दूसरे टेस्ट से मेंडिस और चांदीमल बाहर निसांका के फिट होने की संभावना भी कम

**कोलंबो (एजेंसी)** • कुसल मेंडिस और दिनेश चांदीमल कोलंबो में होने वाले दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। रविवार को शुरू होने वाले मैच के लिए पतुम निसंका के फ़िट होने की संभावना भी बहुत कम है। इसका मतलब है कि दो मैचों की सीरीज़ में 0-1 से पीछे चल रही श्रीलंका कोलंबो में अपने तीन मुख्य बल्लेबाज़ों के बिना उतरेगी। लंका प्रीमियर लीग के शुरुआती चरण में हैमस्ट्रिंग इंजरी के बाद से मेंडिस ने कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। उनकी जगह पर श्रीलंका के टेस्ट दल में निरोशन डिकवेला को शामिल किया गया था, जिन्होंने पहली पारी में 80 रन बनाए। डिकवेला दूसरे टेस्ट में अपनी जगह बरकऱार रख सकते हैं। चांदीमल स्वत: दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं, क्योंकि आईसीसी का नियम कहता है कि जिन खिलाडि़यों को कनकशन के कारण किसी अन्य खिलाड़ी से सब्सटीट्यूट किया जाएगा, वह सात दिन तक नहीं खेल सकते हैं। दूसरी तरफ़ निसांका जून में हुई कलाई की सर्जरी से अभी भी उबर रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि वह मेंडिस की तुलना में अधिक मैच फ़िट हैं लेकिन उन्हें





बल्लेबाज़ी के दौरान अभी भी असहज महसूस हो रहा है।

## सात्विक-चिराग बिना खेले प्री-क्वार्टरफाइनल में, स्कॉटलैंड की जोड़ी के हटने से मिला वॉकओवर

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • भारत के लक्ष्य सेन बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप के राउंड-2 से बाहर हो गए हैं। उन्हें बुधवार को अमरीका के गैरथ टन ने 1 घंटा 13 मिनट चले मैच में 21-19, 19-21, 17-21 से हराया। इससे पहले नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में चल रहे टूर्नामेंट में भारतीय मेंस डबल्स जोड़ी सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी बुधवार को बिना खेले ही प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। सात्विक-चिराग का मैच स्कॉटलैंड के एलेक्जेंडर डन और एडम प्रिंगल से होना था, जिन्होंने चोट के कारण नाम वापस ले लिया। मिक्स्ड डबल्स में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की भारतीय जोड़ी ने राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में मकाऊ के लेओंग इओक चोंग और एनजी वेंग ची को 21-11, 21-11 से हराया। वहीं मिक्स्ड डबल्स के पहले दौर में जीत हासिल करने वाले रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गड्डे की भारतीय जोड़ी



15वीं सीड कोरिया के कान्ग मीन ह्वांक और की डोन्ग जू का सामना करेगी।

वूमंस सिंगल्स कैटेगरी के राउंड ऑफ 32 में 9वीं वरीयता वाली सिंधु का मुकाबला कनाडा की वेन यू झंग से होगा। जबकि, वर्ल्ड चैंपियन शी यू ची को हराने वाले आयुष श्रीलंका के दमिंदु से खेलेंगे। नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में चल रही इस चैंपियनशिप के तीसरे दिन 11 भारतीय शटलर एक्शन में होंगे। इनमें सात्विक-चिराग की 5वीं सीड जोड़ी भी शामिल है।

उन्नति हुड्डा दूसरे राउंड में हार गई हैं। उन्हें कनाडा की मिशेल ली ने 21-11, 9-21, 21-23 से हराया। मेंस डबल्स में हरिहरन अम्साकरुणन और एमआर अर्जुन की जोड़ी साउथ कोरिया से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई है।




## फिल्म 'नई नवेली' का ऐलान, डायन के किरदार में आएंगी नजर यामी गौतम

**मुंबई (एजेंसी)** • यामी गौतम अभिनीत भारत की अपनी फैंटेसी फैमिली एंटरटेनमेंट फिल्म नई नवेली की घोषणा की है। यह फ़िल्म त्योहारों के मौसम के लिए एक बेहतरीन पेशकश है, जो दर्शकों को एक मज़ेदार थिएटर अनुभव के लिए एक साथ लाने का वादा करती है। बालाजी मोहन द्वारा निर्देशित और हिमांशु शर्मा और दिव्य निधि शर्मा द्वारा लिखी गई इस भव्य मनोरंजक फिल्म में जी. वी. प्रकाश कुमार का संगीत है। यह दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में ले जाती है, जहां असाधारण घटनाएं पारिवारिक उथल-पुथल से टकराती हैं और सामने आते हैं अप्रत्याशित मोड़ और ढेर सारी हंसी। नई नवेली 16 अक्टूबर, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी। मेरठ के एक अस्त-व्यस्त घर में एक आदर्श दुल्हन आती है और उसे स्वर्ग जैसा बना देती है, लेकिन तभी उसके देवर को शक होने लगता है कि उसकी आदर्श दिखने वाली भाभी असल में एक डायन हो सकती है!

## अनोखी कहानियों पर भरोसा करने वाले प्रोड्यूसर - रितेश सिधवानी!

**मुंबई (एजेंसी)** • भारतीय एंटरटेनमेंट की दुनिया में ऐसे प्रोड्यूसर्स बहुत कम हैं, जो लीक से हटकर कहानियों पर दांव लगाने और दर्शकों के लिए कुछ नया लाने की हिम्मत रखते हैं। इन्हीं में से एक नाम रितेश सिधवानी का है। फरहान अख्तर के साथ एक्सेल एंटरटेनमेंट की शुरुआत करने वाले रितेश ने अपनी अलग सोच के साथ भारतीय सिनेमा की तस्वीर बदलने में अहम भूमिका निभाई है। उनके लिए सिर्फ फिल्म बनाना ही मायने नहीं रखता, बल्कि नए फॉर्मेट, अलग कहानियों और नए क्रिएटिव टैलेंट को मौका देना भी उतना ही जरूरी है। यही चीज उन्हें उनकी जेनरेशन के बाकी प्रोड्यूसर्स से अलग बनाती है। अगर कहा जाए कि किसी फिल्म में प्रोड्यूसर की पहली सोच नजर आती है, तो रितेश सिधवानी उन प्रोड्यूसर्स में से हैं, जिन्होंने एक कहानी को कई अलग नजरिए से देखने की हिम्मत दिखाई है। उनकी फिल्मों में नए आइडियाज, नए टैलेंट और क्रिएटिव एक्सपेरिमेंट साफ नजर आते हैं। जहां कई प्रोड्यूसर्स दर्शकों की पसंद को लेकर रिस्क लेने से बचते हैं, वहीं रितेश हमेशा दर्शकों को कुछ नया, अलग और दिलचस्प देने में भरोसा रखते हैं। खास बात यह है कि उन्होंने बार-बार साबित किया है कि उनकी पसंद और उनका अंदाजा सही साबित होता है।



# उज्जैन संभाग

## शिप्रा आरती परंपरा पर हस्तक्षेप के खिलाफ 9-10 सितंबर को उज्जैन में जुटेंगे देशभर के तीर्थ पुरोहित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • मां शिप्रा की प्राचीन आरती परंपरा में प्रशासनिक हस्तक्षेप और घाट क्षेत्र में वैकल्पिक आरती व्यवस्था के प्रयासों के विरोध में देशभर के तीर्थ पुरोहित 9 एवं 10 सितंबर को उज्जैन में एकत्रित होंगे। श्री क्षेत्र पंडा समिति, उज्जैन के अध्यक्ष पंडित राजेश त्रिवेदी ने बताया कि रामघाट स्थित राणोजी की छतरी के नीचे श्री क्षेत्र पंडा समिति द्वारा वर्षों से की जा रही प्राचीन मां शिप्रा आरती को प्रशासन द्वारा रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही महाकाल मंदिर प्रबंध समिति द्वारा घाट क्षेत्र में आरती कराने के प्रयास तथा स्मार्ट सिटी एवं विकास प्राधिकरण द्वारा मां शिप्रा की आरती के लिए किए गए टेंडर का भी तीर्थ पुरोहित समाज विरोध कर रहा है। पंडित त्रिवेदी ने बताया कि अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकृष्ण तिवारी, इलाहाबाद के आह्वान पर राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री नवीन नागर ने देशभर के तीर्थों के प्रमुख तीर्थ पुरोहितों से 9 एवं 10 सितंबर को उज्जैन पहुंचने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि उज्जैन में महासभा के पदाधिकारियों एवं प्रमुख तीर्थ पुरोहितों की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में जिला प्रशासन एवं महाकाल मंदिर प्रबंध समिति द्वारा किए जा रहे कथित नियम-विरुद्ध कार्यों को लेकर विरोध दर्ज कराया जाएगा तथा मां शिप्रा की प्राचीन आरती परंपरा को बनाए रखने की मांग की जाएगी। श्री क्षेत्र पंडा समिति का कहना है कि मां शिप्रा की आरती उज्जैन की प्राचीन धार्मिक परंपरा और तीर्थ पुरोहितों की आस्था से जुड़ी हुई है। इसी परंपरा की रक्षा के लिए देशभर के तीर्थ पुरोहितों को उज्जैन बुलाया गया है।

## अनियमितता मिलने पर नेमा कुल्फी फालूदा शॉप का खाद्य पंजीयन निलंबित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • आयुक्त खाद्य सुरक्षा मध्यप्रदेश एवं कलेक्टर जिला उज्जैन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा दूध एवं अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 19 अगस्त को सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायत के आधार पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। निरीक्षण के दौरान महादेव बाटी भंडार, देवास गेट बस स्टैंड से तुअर दाल एवं बाटी के नमूने लिए गए। वहीं सपना स्वीट्स, रेलवे स्टेशन से मलाई बर्फी एवं काजू कतली तथा नेमा कुल्फी फालूदा शॉप नंबर-2, मिडवे शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, महाकाल लोक से फालूदा सेवई एवं केसर पिस्ता कुल्फी के नमूने लिए गए। नेमा कुल्फी फालूदा शॉप के निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा से संबंधित अनियमितताएं पाए जाने पर विभाग ने फर्म को नोटिस जारी किया। इसके साथ ही तत्काल प्रभाव से खाद्य पंजीयन निलंबित करते हुए मौके पर खाद्य व्यवसाय बंद करवा दिया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लिए गए सभी खाद्य नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा गया है। प्रयोगशाला से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## स्कूली विद्यार्थियों ने कैमरे एवं मोबाइल तकनीक से लिया फोटोग्राफी का अनुभव

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर फोटोग्राफर फाउंडेशन उज्जैन द्वारा स्थानीय व्यायामशाला में स्कूली विद्यार्थियों के लिए फोटोग्राफी जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को कैमरा एवं मोबाइल फोटोग्राफी की तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया गया । कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को फोटोग्राफी की कला, तकनीक, रचनात्मकता तथा इसके व्यावसायिक एवं कलात्मक आयामों से परिचित कराना था। वरिष्ठ प्रेस फोटोग्राफर आदेश पांचाल, फिल्ममेकर विशेषज्ञ भूषण जैन, फाउंडेशन अध्यक्ष विनोद चौरसिया एवं फोटोग्राफर प्रवीण चावड़ा ने विद्यार्थियों को फोटोग्राफी के इतिहास, कैमरा एवं मोबाइल फोटोग्राफी, फ्रेमिंग,



लाइट, कंपोजिशन, मीडिया पत्रकारिता तथा वेडिंग फोटोग्राफी की जानकारी दी। वक्ताओं ने फोटोग्राफी के क्षेत्र में उपलब्ध करियर एवं व्यावसायिक संभावनाओं से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि फोटोग्राफी केवल तस्वीर खींचने की कला नहीं, बल्कि प्रकृति, लोगों और घटनाओं को नए दृष्टिकोण से देखने तथा रचनात्मक सोच को अभिव्यक्त करने का माध्यम है। विद्यार्थियों द्वारा खींची गई तस्वीरों की विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रदर्शनी में बच्चों की रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और फोटोग्राफिक दृष्टिकोण देखने को मिला। अतिथियों एवं शिक्षकों ने तस्वीरों का अवलोकन कर विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर हेमंत गंगवाल, विजय कानडकर सहित फोटोग्राफर फाउंडेशन के सदस्य एवं विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

## ऋणमुक्तेश्वर से बगलामुखी धाम तक निकला गोगादेव की छड़ियों का भव्य चल समारोह

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • भगवान श्री गुरु गोरखनाथ के शिष्य वीर गोगादेव महाराज के निशान छड़ियों का भव्य चल समारोह बुधवार को उज्जैन में निकाला गया। शिप्रा तट स्थित प्राचीन श्री ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर से शाम 5 बजे पूजन-अर्चन के बाद शुरू हुआ यह समारोह पिपलीनाका सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए भैरवगढ़ रोड स्थित मां बगलामुखी धाम मंदिर पहुंचा। चल समारोह भर्तृहरि गुफा के गादीपति योगी पीर महंत रामनाथ महाराज के सानिध्य में तथा पहली बार श्री ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर के महंत महावीर नाथ महाराज द्वारा निकाला गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से लाई गई 40 निशान छड़ियां, 250 से अधिक बटुक और 100 से अधिक संत-महंत शामिल हुए। बैंड, ढोल और डीजे की धार्मिक धुनों के बीच श्रद्धालु उत्साह के साथ चल रहे थे। जीप में स्थानीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महंत रामेश्वर दास एवं महंत विशाल दास सवार थे। वरिष्ठ समाजसेवी बबलू यादव सहित बड़ी संख्या में समाजजन भी समारोह में शामिल हुए। इंदौर से आए आदिवासी दल ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। वहीं कलाकार गणेश, मूषक राज, भोलेनाथ,



कालिका माता, वानर और भालू के स्वरूप में शामिल हुए। बालिकाओं के अखाड़े ने ढोल की थाप पर आकर्षक शस्त्र प्रदर्शन कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। चल समारोह से पूर्व निशान छड़ियों का विधिवत पूजन किया गया तथा विभिन्न संस्थाओं से छड़ियां लेकर आए प्रमुख समाजजनों का सम्मान किया गया। समारोह के समापन पर मां बगलामुखी धाम मंदिर में निशान छड़ियों की पुन: आरती एवं पूजन किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें चल समारोह में शामिल भक्तों, नगर के साधु-संतों और समाजजनों सहित 500 से अधिक लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।




## 5.30 किमी लंबे एलिवेटेड कॉरिडोर का सीएम डॉ. मोहन यादव ने किया भूमिपूजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार शाम उज्जैन पहुंचकर आपदा प्रबंधन, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कालिदास अकादमी में होमगार्ड और एसडीआरएफ की आपदा प्रबंधन प्रदर्शनी देखी और बाढ़, आगजनी, भवन हादसे व सड़क दुर्घटनाओं में इस्तेमाल होने वाले आधुनिक रेस्क्यू उपकरणों की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने 945.20 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 5.30 किमी लंबे एलिवेटेड कॉरिडोर का भूमिपूजन किया।

मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पहुंचे, जहां जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे कालिदास अकादमी पहुंचे। यहां होमगार्ड और एसडीआरएफ की ओर से आपदा प्रबंधन से जुड़े आधुनिक उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई थी।

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि बाढ़, आगजनी, भवन दुर्घटना, सड़क हादसे और अन्य आपात स्थितियों में इन उपकरणों की मदद से राहत और बचाव कार्य तेजी से किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने उपकरणों की कार्यप्रणाली और आपदा के दौरान उनके इस्तेमाल की जानकारी ली।

**होमगार्ड की ट्रेनिंग का शुभारंभ** - मुख्यमंत्री ने होमगार्ड की ट्रेनिंग का भी शुभारंभ किया। उन्होंने अधिकारियों और जवानों की तैयारियों की सराहना करते हुए कहा कि सिंहस्थ जैसे बड़े आयोजन में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया और प्रभावी बचाव व्यवस्था जरूरी है। उन्होंने आपदा मित्रों को भी व्यवस्था से जोड़ने और पुलिस बल के साथ होमगार्ड जवानों को लगातार प्रशिक्षित व सतर्क रखने पर जोर दिया।

**945 करोड़ से बनेगा 5.30 किमी एलिवेटेड कॉरिडोर** - आपदा प्रबंधन की तैयारियों का जायजा लेने के बाद मुख्यमंत्री ने शहर की यातायात व्यवस्था से जुड़ी बड़ी परियोजना का भूमिपूजन किया। 945.20 करोड़ रुपए की लागत से 5.30 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर बनाया जाएगा। इसके दो प्रमुख हिस्से होंगे। पहला इंद्रा नगर चौराहे से नीलगंगा चौराहे तक और दूसरा निकास चौराहे से इंदौर गेट तक होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन में पूरे साल श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। सिंहस्थ के दौरान यह संख्या और बढ़ेगी। ऐसे में पुराने शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर करने के लिए एलिवेटेड कॉरिडोर महत्वपूर्ण है।

# छात्र संघ चुनाव की मांग पर डीएवीवी में हंगामा, गेट तोड़ा, पुलिस ने की एफआईआर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में छात्र संघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने की मांग को लेकर हंगामा हो गया। बुधवार 19 अगस्त को आईपीएस एकेडमी के छात्रों ने रैली निकाली। फिर यूनिवर्सिटी के परिसर में पहुंचे, यहां गेट तोड़ दिया। पुलिस ने केस दर्ज किया। हाईकोर्ट जबलपुर के आदेश से मध्य प्रदेश में सितंबर माह में छात्र संघ चुनाव होना है। इसे लेकर विभिन्न छात्र संगठन प्रत्यक्ष प्रणाली के चुनाव की मांग कर रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को आईपीएस एकेडमी राजेंद्रनगर के छात्रों ने साइकिल रैली का आयोजन किया। फिर वह डीएवीवी के नालंदा परिसर में पहुंचे। यहां हंगामा हो गया।



**डीएवीवी का गेट तोड़ा**-छात्र रैली निकालकर आरएनटी रोड स्थित देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के नालंदा परिसर में पहुंचे। यहां पर काफी देर यह नारेबाजी करते रहे और ज्ञापन देने के लिए अड़े रहे। इस दौरान मुख्य गेट बंद कर दिया गया। इस पर बाद में छात्रों ने गेट पर धक्का दिया, जिससे यह गिर गया।

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी ने इस हंगामे की शिकायत छोटी ग्वालटोली थाने में कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह यात्रा बिना मंजूरी के निकाली गई। शिकायत के आधार पर 10 छात्रों पर केस दर्ज किया गया है। इसमें बिना मंजूरी प्रदर्शन, शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाली धाराएं हैं।

वहीं प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे वीरेंद्र गुर्जर दूधिया ने कहा कि विविध मांगों को लेकर हमारा प्रदर्शन शांतिपूर्ण था। हम लंबे समय से ज्ञापन देने की मांग कर रहे थे। प्रशासन ने गेट बंद कर रखा था। वह गेट पहले ही कमजोर था और केवल टिका हुआ था, जब हमने धक्का दिया तो वह गिर गया। हमने ही इस गेट को संभाला भी। हमारी मांग है कि छात्र संघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से हो और जल्द तारीख घोषित की जाए।

# स्मार्ट सिटी और धोखाधड़ी में फंसी कंपनी तीर्थ गोपीकॉन की दोस्ती में धंसी 40 करोड़ की सड़क

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर स्मार्ट सिटी की गोराकुंड की 40 करोड़ की सड़क धंसने ने एक बार फिर शहर के विकास कार्यों की पोल खोल दी। परतें खुलीं तो एक बार फिर इसमें स्मार्ट सिटी कंपनी और धोखाधड़ी में फंसी तीर्थ गोपीकॉन की दोस्ती सामने आई।

इंदौर में स्मार्ट सिटी की 40 करोड़ की लागत से बनी गोराकुंड सड़क के पानी की लाइन परीक्षण में ही धंसने ने राष्ट्रीय बेइज्जती करा दी है। एक बार फिर स्मार्ट सिटी के एक हजार करोड़ के काम सवालों के घेरे में आ गए हैं। पहले ही नेहरू पार्क का नौ करोड़ का काम हो या फिर एमओजी लाइन का 454 करोड़ का जमीन सौदा, सभी विवादों में आ चुके हैं।

**पांच-पांच आईएएस हैं बोर्ड में**- स्मार्ट सिटी इंदौर कंपनी का गठन साल 2016 में हुआ था। केंद्र और राज्य मिलकर इसमें एक हजार करोड़ के काम करेंगे, ऐसे में सही निगरानी के लिए बोर्ड से राजनेताओं को दूर रखा गया। बोर्ड में कलेक्टर को चेयरमैन, निगमायुक्त को एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर बनाया, जो आईएएस हैं। साथ ही स्मार्ट सिटी सीईओ आईएएस हैं तो आईडीए सीईओ भी आईएएस हैं। एक अन्य आईएएस तन्वी गर्ग भी नॉमिनी डायरेक्टर हैं। कुल मिलाकर 18 जिम्मेदारों का बोर्ड है और इसमें पांच आईएएस अधिकारी हैं।



### तीर्थ गोपीकॉन ने किया काम, 32 करोड़ लिए

यह स्मार्ट सिटी की सड़क का काम 40 करोड़ का है। यह ठेका फर्जी बैंक गारंटी में फंसी गुजरात की तीर्थ गोपीकॉन कंपनी को साल 2021 में मिला था। इसमें से उसे 32 करोड़ का भुगतान भी हो चुका है। यह वही कंपनी है जिसने जल निगम के 900 करोड़ के ठेके के लिए 184 करोड़ की फर्जी बैंक गारंटी दी थी। उज्जैन निगम के काम में भी फर्जी बैंक गारंटी दी थी। सीबीआई ने इस पर केस किया और इसके मुख्य आरोपी महेश कुंभानी को जेल भेजा गया।

### गोपीकॉन और स्मार्ट सिटी की दोस्ती

गोपीकॉन के पास केवल यही 40 करोड़ का काम नहीं था। उसके पास पानी का भी एक प्रोजेक्ट स्मार्ट सिटी से था। साथ ही उसने 454 करोड़ की एमओजी लाइन की 15 एकड़ जमीन का सौदा किया था, जिसे सीबीआई केस के बाद रद्द किया गया। कंपनी ने इस सौदे की एक किश्त भी नहीं दी थी। वहीं एमओजी लाइन में ही एक अन्य जमीन भी उसने 27 करोड़ में ली। इस सौदे को भी रद्द करने के लिए स्मार्ट सिटी ने अब नोटिस दिया है। कंपनी हाईकोर्ट गई है।

# निगम में नोटिस का खेल, हाईकोर्ट से भवन अधिकारी पल्लवी पाल की जांच के आदेश



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर नगर निगम में भवन निर्माण की मंजूरी और नोटिस का खेल सालों पुराना है। नोटिस देने और फिर सुविधा शुल्क लेकर मामले को रफा-दफा करना आम बात है। अब ताजा मामला हाईकोर्ट पहुंचा है, जिसमें भवन अधिकारी पर तल्ख टिप्पणी हुई। इंदौर नगर निगम में बिल्डिंग ऑफिसर और बिल्डिंग इंस्पेक्टर के नोटिस हमेशा कठघरे में रहते हैं। मनचाहे तरीके से यह नोटिस-नोटिस का खेल खेलते हैं। इसकी निगम में सैकड़ों शिकायतें हैं। अब ताजा मामले में पीड़ित सीधे हाईकोर्ट पहुंच गया है। इसमें हाईकोर्ट ने गहरी नाराजगी जाहिर की है।

हाईकोर्ट में पचोरवाला बिल्डर्स एंड डेवलपर्स प्रा. लि. ने याचिका दाखिल की। इसमें बताया गया कि भंडारी ब्रिज डीआरपी लाइन के पास निगम से उन्होंने बिल्डिंग की मंजूरी ली और 80 लाख रुपए शुल्क जमा किया। वहीं मंजूरी मिलने के तीन दिन बाद ही जोन 3 की भवन अधिकारी पल्लवी पाल ने नोटिस दिया। इसका जवाब लेने के तीन दिन बाद ही काम रोकने का आदेश दे दिया। हाईकोर्ट ने इस मामले में भवन अधिकारी पाल को तलब किया।

# नगर निगम 103 करोड़ घोटाले में ईडी कोर्ट से अभय राठौर, बड़ेरा की जमानत खारिज




**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर नगर निगम के फर्जी बिल से हुए 103 करोड़ के घोटाले में ईडी कोर्ट ने इंजीनियर अभय राठौर और ठेकेदार राहुल बड़ेरा की जमानत खारिज हो गई है। दोनों ने ईडी की कार्रवाई पर सवाल उठाए थे।

इंदौर नगर निगम के चर्चित फर्जी बिल घोटाले में जेल में बंद इंजीनियर अभय राठौर को झटका लगा है। इसके साथ ही ठेकेदार राहुल बड़ेरा की भी जमानत याचिका खारिज हो गई है। ईडी कोर्ट ने इसे गंभीर अपराध माना है और जमानत देने का कोई मजबूत साक्ष्य नहीं पाया है।

**ईडी ने क्या कार्रवाई की**

आरोपियों पर निगम के बिल घोटाले में केस दर्ज किया गया था। फिर ईडी ने इसमें मनी लाण्ड्रिंग एक्ट के तहत जून 2024 में दर्ज किया। हाल ही में ईडी ने इसमें चालान भी पेश किया है। इसमें आरोपियों पर ईडी ने छापे मारे और संपत्तियां भी अटैच की है। जांच के बाद ईडी ने 1 जून 2026 को अभय राठौर के साथ ही ठेकेदार राहुल बड़ेरा और मोहम्मद जाकिर को गिरफ्तार किया, आरोपियों की ओर से तर्क दिया गया कि वह एक साल से जेल में हैं और ईडी ने एकतरफा कार्रवाई की है।

# एमआईसी ने खारिज किया सरकारी संपत्ति कब्जाधारकों से संपत्ति कर प्रस्ताव

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● सरकारी जमीन, संपत्ति पर कब्जाधारियों के संपत्तिकर खाता खोलने के प्रस्ताव को एमआईसी इंदौर ने साफ इंकार कर दिया। इस पर निगमायुक्त से सभी जनप्रतिनिधियों ने साफ कहा कि इस पर कोई बात ही नहीं होगी।

इंदौर नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की मैराथन बैठक मंगलवार को हुई। इसमें विवादित प्रस्ताव भी था कि सरकारी, निगम की जमीन पर कब्जाधारी है तो उनका संपत्तिकर खाता खुलवाकर टैक्स लिया जाएगा। जनप्रतिनिधि इसके विरोध में है और इसे रद्द किया जाएगा। हुआ भी वहीं महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में हुई बैठक में इसे सिरे से खारिज कर दिया गया और निगमायुक्त क्षितिज सिंघल से कहा कि यह रद्द किया जाता है और इस पर बात भी नहीं होगी। वहीं हाल ही में 354 संपत्तियों के नामांतरण में सामने आए घोटाले मामले के बाद इसमें मानक प्रक्रिया को फैसला हुआ। संपत्तियों के नामांतरण की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने के लिए एसओपी तैयार करने को भी मंजूरी दी गई। रणजीत हनुमान मार्ग स्थित ब्रह्मलीन लक्ष्मणसिंह गौड़ उद्यान परिसर में प्रस्तावित इंटरनेशनल स्वीमिंग पूल के निर्माण के बाद उसके संचालन-संधारण को पीपीपी मॉडल पर करने का निर्णय लिया गया।

### अवैध कॉलोनी वालों को यह राहत

हालांकि अवैध कॉलोनियों में संपत्तिकर खाते खोलने को मंजूरी दी गई है। इससे इनके रहवासियों को राहत होगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि अवैध कॉलोनियों में स्थित निजी संपत्तियों या प्लॉट के पूर्ण स्वामित्व संबंधी दस्तावेज उपलब्ध होने पर संपत्तिकर खाता खोलने की कार्रवाई की जाएगी।

# आईडीए राऊ में अर्बन फ़ॉरेस्ट बनाएगा, 2.5 लाख पेड़ लगाएगा; टेंडर मंगाए गए



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर डेवलपमेंट अथॉरिटी (आईडीए) ने राऊ की स्कीम 97 पार्ट-4 में लगभग 33 एकड़ ज़मीन पर अर्बन फ़ॉरेस्ट (नगर वन) विकसित करने के लिए ओपन टेंडर मंगाए हैं। इस पहल का मकसद शहर के लिए एक खास 'ग्रीन लंग' (हरियाली वाला इलाका) बनाने के लिए लगभग 2.5 लाख पेड़ लगाना है।

आईडीए के चीफ़ एग्ज़ीक्यूटिव ऑफ़िसर परीक्षित ज़ादे के अनुसार, इस प्रोजेक्ट को इंदौर के मौजूदा ग्रीन कवर (लगभग 17.5%) को 1 प्रतिशत पॉइंट तक बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ज़ादे ने कहा, 'कुल 2.5 लाख पेड़ हर साल लगभग 5,000 से 6,250 मीट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड सोखेंगे। यह एक सामान्य अनुमान पर आधारित है कि एक स्वस्थ, पूरी तरह से विकसित पेड़ सालाना लगभग 20 से 25 किलोग्राम co2 सोखता है।

'इस साइट के लेआउट में 8.5 एकड़ ज़मीन पर मियावाकी तकनीक का इस्तेमाल करके घने पेड़-पौधे लगाए जाएंगे, साथ ही 3.5 एकड़ में सामान्य घना जंगल भी होगा। साइट की बाउंड्री पर 2.27 किलोमीटर लंबी दीवार बनाई जाएगी। ज़ादे ने बताया, 'यह प्रोजेक्ट दो चरणों में पूरा किया जाएगा; पहले चरण में 13.5 एकड़ और दूसरे चरण में लगभग 17 एकड़ ज़मीन शामिल होगी।'

**वॉटर बॉडीज़ और ड्रेनेज:** प्राकृतिक जल प्रवाह के साथ 3,234 वर्ग मीटर का तालाब बनाने की योजना है, साथ ही 4.5 मीटर चौड़े बायोस्वेल और प्राकृतिक नहरें भी होंगी।

**मनोरंजन की सुविधाएं:** नवग्रह वाटिका, ओपन जिम, बच्चों के लिए ऊंचे स्थान पर बना खेलने का एरिया, मेडिटेशन और योग ज़ोन, फ़ूड स्टॉल और एक वॉचटावर बनाने की योजना है।



# तिही रेलवे टनल में सुरक्षा के लिए हाई-रिज़ॉल्यूशन कैमरे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● वेस्टर्न रेलवे तिही (पीथमपुर) में अपनी 2,957 मीटर लंबी टनल में 150 हाई-रिज़ॉल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगा रहा है। ये कैमरे 24/7 निगरानी के लिए एक डेडिकेटेड कंट्रोल रूम से जुड़े होंगे। हवा की क्वालिटी बनाए रखने और टनल के अंदर दम घुटने से बचाने के लिए, टनल के दोनों सिरों पर 12 एग्जॉस्ट फ़ैन लगाए जा रहे हैं; इनमें से चार पहले ही लगाए जा चुके हैं। रतलाम रेलवे डिवीज़न के पीआरओ मुकेश कुमार ने बताया, 'इमरजेंसी सुरक्षा सुविधाओं में टनल के बीच वाले हिस्से में एक लिफ़्ट और सीढ़ी भी शामिल है। इससे ज़रूरत पड़ने पर तेज़ी से बाहर निकलने के लिए सीधे छत से ज़मीन तक पहुँचा जा सकता है।' उन्होंने आगे कहा कि अंडरग्राउंड रास्ते के ऊपर की 3 किलोमीटर ज़मीन को एक ग्रीन ज़ोन के तौर पर विकसित किया जाएगा, जहाँ बड़े पैमाने पर पेड़ लगाए जाएँगे। इस प्रोजेक्ट का काम, जो पहली बार धार ज़िले को ट्रेन सेवाओं से जोड़ेगा, लगभग पूरा हो चुका है और इसके अगले दो महीनों में तैयार हो जाने की उम्मीद है।

# रक्षाबंधन से पहले इंदौर में मिलावटखोरों पर शिकंजा :200 से ज्यादा सैंपल लिए

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● रक्षाबंधन त्योहार से पहले इंदौर में खाद्य विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। त्योहार को देखते हुए विभाग ने करीब एक महीने पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं। दूध और दूध से बने उत्पादों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 200 से अधिक सैंपल लिए जा चुके हैं। इनमें जो नमूने खाद्य मानकों पर खरे नहीं उतर रहे हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। अब विभाग की टीम का फोकस मिठाइयों पर रहेगा।

शहर की अलग-अलग मिठाई दुकानों और निर्माण इकाइयों पर टीम दबिश देगी। मिठाइयों के साथ मावा, घी, खाद्य तेल और अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए जाएंगे। जहां अस्वच्छ या अनहाइजीनिक परिस्थितियां मिलीं, वहां संबंधित प्रतिष्ठान को सुधार के लिए नोटिस देने के साथ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष स्वामी ने बताया कि विभाग की टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर सैंपलिंग और जांच कर रही है। मानकों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की जाएगी, ताकि रक्षाबंधन के दौरान लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री मिल सके। इंदौर में करीब 5 हजार से ज्यादा मिठाई की दुकानें हैं। त्योहार के दौरान मिठाइयों की मांग कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे में खाद्य विभाग की टीम दुकानों के साथ मिठाई बनाने वाले कारखानों पर भी निगरानी रखेगी। अधिकारियों की नजर खासतौर पर मावे और दूध से बने उत्पादों की गुणवत्ता पर रहेगी।

# मैकेनिकल इंजीनियर की सड़क हादसे में मौत

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में सड़क हादसे में घायल 50 वर्षीय मैकेनिकल इंजीनियर की गुरुवार सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई। उन्हें दो दिन पहले घर से काम के लिए निकलते समय बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी। गंभीर हालत में परिजन उन्हें एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान शैलेष (50) पुत्र रामदेव कुशवाह निवासी धरमपुरी के रूप में हुई है। वे मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। 17 अगस्त को बाइक की टक्कर के बाद उन्हें एंबुलेंस से एमवाय अस्पताल लाया गया था। शैलेष के भाई धर्मेंद्र ने बताया कि वे पहले वडोदरा की डीएनएस कंपनी में काम करते थे। करीब एक महीने पहले ही उनकी नौकरी डब्ल्यूआरके कंपनी में लगी थी, जिसके बाद वे इंदौर आ गए थे। परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और एक बेटी हैं। मौत के बाद परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए उत्तर प्रदेश ले जाएंगे। पुलिस ने हादसे को लेकर बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# क्या अब मुख्यमंत्री देंगे छात्र को माइग्रेशन सर्टिफिकेट?

## प्राचार्य सपना भदोरिया के बिगड़े बोल से भाजपा में मचा बवाल

**निलेश चौहान : 94250-77209**

**देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत**

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देपालपुर में प्राचार्य सपना भदोरिया ने अब एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। छात्र और प्राचार्य की बात चीत ऑडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ है। इसी को लेकर भाजपा नेताओं में भारी नाराजगी देखने को मिली स्कूल के प्राचार्य ने एक छात्र के साथ इस प्रकार का व्यवहार माइग्रेशन सर्टिफिकेट देने को लेकर किया है। वह भाजपा के लिए गंभीर विषय बन चुका है। इतना ही नहीं सीएम हेल्पलाइन की शिकायत से इतनी भड़क गई की मुख्यमंत्री को माइग्रेशन सर्टिफिकेट ढूंढने की बात छात्र से कह दी। इस मामले में छात्र नेताओं ने स्कूल का घेराव भी किया था और प्राचार्य के इस्तीफा की मांग की गई। प्राचार्य के इस व्यवहार से भाजपा नेता देपालपुर में नाराज दिखाई दिए नाम नहीं छापने की शर्त पर एक नेता ने बताया कि प्राचार्य सपना भदोरिया का व्यवहार बिल्कुल ही घटिया किस्म का था, आए दिन स्कूल में विवाद की स्थिति बनी रहती है। मुख्यमंत्री के नाम का जिस प्रकार से उपयोग किया मैं उसकी घोर निंदा करता हूं हम और हमारी पार्टी सीएम तक इस मामले की शिकायत करेंगे। इतना ही नहीं इस मामले की जानकारी इंदौर जिला शिक्षा अधिकारी और जिला पंचायत सीईओ तक भी पहुंच चुकी है। लेकिन देखना होगा प्राचार्य सपना भदोरिया के खिलाफ प्रशासन क्या कार्यवाही करता है।




सबसे बड़ा सवाल क्या छात्र समीन डागर को प्राचार्य सपना भदोरिया माइग्रेशन सर्टिफिकेट देगी या नहीं छात्र ने अपने हक की लड़ाई के लिए सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की थी लेकिन भदोरिया के रौब और अकड़ ने छात्र को नई मुसीबत में डाल दिया शिकायत से बौखलाई भदोरिया अब छात्र को कह रही है 21 दिन में माइग्रेशन सर्टिफिकेट दूंगी अब देखना होगा जिम्मेदार जनप्रतिनिधि कितने दिनों में माइग्रेशन सर्टिफिकेट दिलाते हैं।

### इनका कहना है

प्राचार्य सपना भदोरिया का छात्र के साथ किया गया व्यवहार गलत है प्रशासन ने आपको एक जिम्मेदार पद पर बैठाया है जहां आप छात्र-छात्राओं की समस्याओं का समाधान करें ना की आम जनता और छात्रों से आप दुर्व्यवहार करें ऑडियो में मैंने सुना किस प्रकार अपने मुख्यमंत्री सर्टिफिकेट ढूंढ कर देगा इस बात का जिक्र किया वह गलत है इस मामले की शिकायत हम जिम्मेदार अधिकारियों को करेंगे।

**- भारत पटेल, उपाध्यक्ष**, जिला पंचायत

छात्र को समय पर माइग्रेशन सर्टिफिकेट प्राचार्य को देना चाहिए था लेकिन प्राचार्य ने पहले तो लगातार छात्र को तारीख पर तारीख दी उसके बावजूद भी सर्टिफिकेट नहीं दिया गया प्राचार्य का यह दुर्व्यवहार सरासर गलत है दूसरा एक सर्टिफिकेट के मामले में मुख्यमंत्री के नाम का जिक्र करना यह गलत है ऑडियो में प्राचार्य किस प्रकार से छात्र के साथ अभद्र व्यवहार कर रही यह सब ने सुना इस मामले की शिकायत सांसद और क्षेत्रीय विधायक से करेंगे प्राचार्य के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो।

**अजय आहूजा**, सांसद प्रतिनिधि

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।